# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, सोमवार
05 मई 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 66 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## ओपी राजभर का अखिलेश पर हमला



लखनऊ। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना की घोषणा ने सपा अध्यक्ष की नींद उड़ा दी है। वहीं सुहेलदेव की प्रतिमा लगवाने के बयान को धोखा बताया।

राजधानी लखनऊ में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। अखिलेश के सत्ता में आने पर गोमती रिवर फ्रंट पर महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा लगवाने संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष को पिछड़ों और दलितों को ठगने की पुरानी आदत है।

राजभर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के फैसले ने अखिलेश की नींद उड़ा दी है। वह भीतर से हिल गए हैं और उन्हें पिछड़ा और दलित वोट बैंक छिटकने का डर सताने लगा है।

राजभर समाज को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं

शेष पेज 2 पर

## राजनाथ की पाकिस्तान को चेतावनी:

# देश जो चाहता है...वह जरूर होगा

# हमला करने वालों को जवाब देना मेरी जिम्मेदारी'

नई दिल्ली । राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे देश पर हमला करने की हिम्मत करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना मेरी जिम्मेदारी है। आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली और दृढ़ता को जानते हैं।

पहलगाम आतंकी हमले के कसूरवार पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करूं और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को करारा जवाब दूं। साथ ही कहा कि देश जो चाहता है, वह जरूर होगा। उनकी यह टिप्पणी हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में आई है। दिल्ली में सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव में



सिंह ने कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। उनकी कार्यशैली, दृढ़ संकल्प और जिस तरह से उन्होंने अपने जीवन में जोखिम उठाना सीखा है, उससे लोग भली-भांति परिचित हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जैसा आप चाहते हैं, वैसा होकर रहेगा।

**'देश पर हमला करने की हिम्मत करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना मेरी जिम्मेदारी'**- उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर काम करूं और देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं।

शेष पेज 2 पर

## डीआरडीओ का बड़ा कारनामा

# स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म का सफल परीक्षण, बढ़ेगी भारत की ताकत



**नई दिल्ली।** डीआरडीओ ने एक्स पर लिखा, 'डीआरडीओ ने इंस्ट्रूमेंटल पेलोड के साथ स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप का पहला उड़ान परीक्षण लगभग 17 किलोमीटर की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक किया। हवा से हल्का यह सिस्टम भारत की पृथ्वी अवलोकन और खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं को बढ़ाएगा, जिससे देश दुनिया के उन कुछ देशों में से एक बन जाएगा, जिनके पास ऐसी स्वदेशी क्षमताएं हैं।'

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मध्य प्रदेश के श्योपुर परीक्षण स्थल से अपने स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। परीक्षण करीब 62 मिनट तक चला। इस दौरान इंस्ट्रूमेंटल पेलोड ले जाने वाले एयरशिप ने करीब 17 किलोमीटर की ऊंचाई को छुआ।

डीआरडीओ ने एक्स पर लिखा, 'डीआरडीओ ने इंस्ट्रूमेंटल पेलोड के साथ स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप का पहला उड़ान परीक्षण लगभग 17 किलोमीटर की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक किया। हवा से हल्का यह सिस्टम भारत की पृथ्वी अवलोकन और खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं को बढ़ाएगा, जिससे देश दुनिया के उन कुछ देशों में से एक बन जाएगा, जिनके पास ऐसी स्वदेशी क्षमताएं हैं।'

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई देते हुए कहा कि यह सिस्टम पृथ्वी अवलोकन और खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) में भारत की क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे भारत ऐसी स्वदेशी तकनीक वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो जाएगा।

शेष पेज 2 पर

## शिवानंद बाबा नहीं रहे: पीएम मोदी बोले- योग से समाज की सेवा की, उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा

नई दिल्ली । योग साधक शिवानंद बाबा स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह तीन दिनों से बीएचयू में भर्ती थे। बीते दिन देर रात उनका शव दुगाकुंड स्थित आश्रम पर लाया गया।

योग साधक और काशी निवासी शिवानंद बाबा का शनिवार रात निधन हो गया। 129 वर्ष के योग गुरु पद्मश्री शिवानंद ने वाराणसी के बीएचयू अस्पताल में अंतिम सांस ली। डॉ. देवाशीष ने बताया कि योग गुरु ने शनिवार की रात 8.30 बजे इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनके निधन पर प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया।

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'योग साधक और काशी निवासी शिवानंद बाबा के निधन से अत्यंत दुख हुआ है।

शेष पेज 2 पर

## पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पहलगाम में हुए हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित सैन्य कार्रवाई का जायजा लेने के लिए पीएम मोदी तीनों सेनाओं के प्रमुखों से मिल रहे हैं।

एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच यह



मुलाकात हुई। बता दें, इस हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी।

पहलगाम में हुए हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित सैन्य कार्रवाई का जायजा लेने के लिए पीएम मोदी तीनों सेनाओं के प्रमुखों से मिल रहे हैं।

शेष पेज 2 पर

# नेपाल सीमा से सटे जिलों के सौ से ज्यादा मदरसे सील सबसे ज्यादा श्रावस्ती के 68 मदरसे हुए सील

लखनऊ । नेपाल की सीमा से सटे जिलों में बीते दिनों से अवैध मदरसों पर कार्रवाई चल रही है। सबसे ज्यादा मदरसे श्रावस्ती जिले में सीज किए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई शनिवार को भी जारी रहा। प्रदेश के पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अब तक महाराजगंज में 33 अवैध धार्मिक स्थल और मदरसे मिले हैं, जबकि



सिद्धार्थनगर में 21 अवैध धार्मिक स्थल और मदरसे मिले हैं। वहीं सर्वाधिक कार्रवाई श्रावस्ती जनपद में हुई है। यहां अब तक 68 अवैध मदरसे सील किये गये हैं, साथ ही 164 के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई की गई है। वहीं पीलीभीत में भी एक अवैध धार्मिक स्थल मिला है। प्रशासन ने इसमें शामिल 6 लोगों के नाम नोटिस जारी किया है।

महाराजगंज में 33 में से 32 पर हुई कार्रवाई- महारागंज जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि कुल 33 अवैध धार्मिक स्थल और मदरसे चिह्नित किये गये हैं। इनमें से 19 मदरसे हैं, जिनमें से 4 के कब्जे हटाये गये हैं, 14 कब्जों के सापेक्ष 67(1) की कार्रवाई की गई है, जबकि एक का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इसी प्रकार 10 अवैध धार्मिक स्थलों पर 67(1) की कार्रवाई की गई है। ऐसे ही सरकारी जमीन पर बनाए गये चार मजारों में से दो को हटा दिया गया है। एक में 67(1) की कार्रवाई की गई है, जबकि एक को वन विभाग की ओर से नोटिस दी गई है।

शेष पेज 2 पर

# परिवहन विभाग के निजी फिटनेस सेंटरों पर हो रही वसूली, विभाग गोपनीय तरीके से कराएगा जांच

लखनऊ । यूपी में परिवहन विभाग के निजी फिटनेस सेंटरों पर जमकर वसूली की जा रही है। यहां लोगों से निर्धारित फीस से तीन गुना तक उगाही की जा रही है। विभाग इसकी गोपनीय तरीके से जांच कराएगा।

उत्तर प्रदेश में परिवहन विभाग के निजी फिटनेस सेंटरों पर वसूली हो रही है। फिटनेस के नाम पर दो से तीन गुना अधिक रकम ली जा रही है। झांसी प्रकरण इसका प्रमाण है। अन्य जगह से भी इस तरह की शिकायतें मिली हैं। ऐसे में परिवहन विभाग ने वसूली रोकने की नई रणनीति अपनाई है। सभी सेंटरों पर अब गोपनीय तरीके से निगरानी होगी। कुछ स्थानों पर विभागीय कार्मिकों को वाहन स्वामी बनाकर भेजा जाएगा।

प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग सेंटर (एटीएस) बनाए जा रहे हैं। झांसी, गाजियाबाद और बिजनौर



में एटीएस संचालित हैं। फिरोजाबाद, कानपुर देहात, वाराणसी, मुरादाबाद और बरेली में ये सेंटर इसी माह से शुरू हो जाएंगे। इन सभी का संचालन निजी फर्म कर रही है। जबकि, लखनऊ में वाहन परीक्षण एवं प्रमाणीकरण केंद्र है। यहां निजी कंपनी के कार्मिकों के साथ ही विभागीय कार्मिक भी मौजूद रहते हैं।

शेष पेज 2 पर

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पहले ही साल टोल से कमाएगा 60 करोड़

## जून या जुलाई से वाहनों के लिए खोलने की तैयारी

लखनऊ। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पहले ही साल टोल से 60 करोड़ कमाएगा। यूपीडा इसके लिए एजेंसी की तलाश कर रहा है। इसे जून या जुलाई महीने से वाहनों के लिए खोलने की तैयारी है। इससे गोरखपुर, आंबेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ जिले के लोग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

उत्तर प्रदेश में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे लगभग तैयार है। जून या जुलाई से इसे शुरू किया जा सकता है। इसी के साथ टोल वसूली के लिए यूपीडा ने एजेंसी की तलाश शुरू कर दी है। यूपीडा के आंकलन के मुताबिक पहले ही वर्ष से दो मुख्य लेन और सात रैम्प वाला ये एक्सप्रेसवे 60 करोड़ रुपये कमाएगा। दोपहिया



### ये होगा एक तरफ का टोल शुल्क-

दोपहिया वाहनों के लिए अधिकतम 140 रुपये
कार आदि हल्के वाहनों के लिए अधिकतम 285 रुपये
हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए अधिकतम 440 रुपये
बस व ट्रक के लिए अधिकतम 840 रुपये
भारी निर्माण वाहनों के लिए अधिकतम 1335 रुपये
ओवरसाइज वाहनों के लिए अधिकतम 1745 रुपये
( रिटर्न यात्रा में 25 फीसदी का डिस्काउंट दिया जाएगा)

वाहनों को अधिकतम 140 रुपये और कारों को 285 रुपये देना होगा।

इसके लिए जिस एजेंसी का चयन किया जाएगा,

शेष पेज 2 पर

# पहलगाम में आतंकी हमला: राष्ट्र के साथ खड़े होने का समय

प्रश्न पूछने के अवसर भी आएँगे, अभी राष्ट्र के साथ खड़े होने का समय है। राष्ट्र सर्वोपरि।

हाल की पहलगाम घटना में एक हिंदू पर्यटक को आतंकवादियों ने धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया। यह घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर हमला है। आतंकवादियों का उद्देश्य कश्मीर को अस्थिर करना नहीं, बल्कि पूरे भारत में डर और नफरत का माहौल फैलाना है। ऐसे समय में हमें आलोचना से परे राष्ट्रहित में खड़ा होना चाहिए और एकजुटता दिखानी चाहिए। देश के मनोबल को गिरने से बचाना हमारी जिम्मेदारी है, और हमे सभी मतभेदों से ऊपर उठकर ह्लराष्ट्र सर्वोपरिह्ल की भावना के साथ खड़ा होना चाहिए।

यह नारा उस समय और अधिक सार्थक हो उठता है जब एक निर्दोष पर्यटक, अपनी पत्नी के साथ छुट्टियां मनाने गया हो और आतंक की गोली का शिकार हो जाए। पहलगाम की ताजा घटना, जिसमें एक हिंदू युवक को टारगेट कर आतंकवादियों ने गोली मार दी, सिर्फ एक



हत्या नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर हमला है। और ऐसे समय में यह कहना– ह्लप्रश्न पूछने के अवसर भी आएँगेह्ल–कोरी बचाव की भाषा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में संयम की पुकार है।

**पहलगाम की घटना: घृणा का एकतरफा निशाना**

जम्मू-कश्मीर का पहलगाम, जहां का प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को आकर्षित करता है, अब आतंक का नया निशाना बन गया है। इस बार किसी सैनिक को नहीं, किसी पुलिसकर्मी को नहीं, बल्कि एक आम हिंदू नागरिक को निशाना बनाया गया–जो अपनी पत्नी के साथ पर्यटक बनकर वहां गया था। आतंकियों ने स्पष्ट धार्मिक पहचान देखकर हमला किया। यह हमला दो स्पष्ट संदेश देता है। पहला यह कि पाकिस्तान-समर्थित आतंकी अब भी भारत में धार्मिक विभाजन फैलाने पर आमादा हैं। दूसरा यह कि उनका उद्देश्य केवल कश्मीर को अस्थिर करना नहीं, बल्कि पूरे भारत में डर और नफरत का माहौल बनाना है।

पाकिस्तान: आतंक का पालक इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले संगठनों की जड़ें पाकिस्तान की धरती में हैं। चाहे वो लश्कर-ए-तैयबा हो, या ळफ्क्र जैसे नए नाम वाले पुराने चेहरे–इनकी फंडिंग, ट्रेनिंग और संरक्षण सब पाकिस्तान से आते हैं। ये आतंकवादी संगठन अब न सिर्फ कश्मीर को चोट पहुंचा रहे हैं, बल्कि पूरे भारत की धार्मिक एकता और पर्यटक स्थलों की शांति को भी लक्ष्य बना रहे हैं। जब भारत आक्रोशित होता है, तो यह आक्रोश केवल सैनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह आम भारतीय के भीतर भी जागता है–जो अपने देश के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है।

**सवाल बनाम एकता: वक्त का तकाजा-** लेकिन इस समय कुछ लोग, खासकर बौद्धिक तबके के कुछ हिस्से और राजनीति के एक विशेष वर्ग से जुड़े लोग, इस घटना को ह्लकश्मीर में असंतोषह्ल कहकर आतंकियों को परोक्ष वैचारिक समर्थन देने लगते हैं। कुछ मीडिया संस्थान इसे एक सामान्य अपराध बताकर इसकी धार्मिक प्रकृति को छुपाने की कोशिश करते हैं।

शेष पेज 2 पर

# जापान के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने असम के आईआईटी गुवाहाटी का दौरा किया

## शिक्षा, आर्थिक, राजनीतिक और बुनियादी ढांचे और निर्माण क्षेत्रों में सहयोग से काम करने में किया रुचि व्यक्त।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, असम :** तीन दिन की यात्रा पर कल असम पहुंचे जापान की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो और उनके साथ आए उच्चस्तरीय शिष्टमंडल ने आज दूसरे दिन गुवाहाटी आईआईटी का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल के आईआईटी पहुंचते ही असम सरकार की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री नंदिता गालोर्सा, शैक्षणिक संस्थान के निदेशक प्रो देवेंद्र जलीहाल, असम के शिक्षा विभाग के सचिव नारायण कोंवर, कामरूप जिले के आयुक्त देव कुमार मिश्रा सहित अन्य लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद जापान के प्रतिनिधियों के समक्ष जापान के साथ संयुक्त प्रयास में आईआईटी गुवाहाटी द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ आने वाले दिनों में सहयोग में जो कार्रवाई करना चाहता है, उसका विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जापान की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो ने कहा कि लोकतंत्र जैसे समान मूल्यों पर स्थापित दोनों देश विकास के लिए मिलकर काम कर सकते हैं।



उन्होंने कहा कि भारत सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में मानव संसाधन से समृद्ध है। दूसरी ओर, जापान को ऐसे मानव संसाधनों की आवश्यकता है। इसलिए जापान भारत के ऐसे मानव संसाधनों को प्रोत्साहित करने का इच्छुक है जो जापान में स्थापित होना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि, बुनियादी ढांचे, निर्माण आदि के अलावा दोनों लोकतांत्रिक देश शिक्षा, अर्थव्यवस्था और राजनीति के क्षेत्र में मिलकर काम कर सकते हैं। औपचारिक स्वागत अवधि के बाद, प्रतिनिधिमंडल को संस्थान के नैनो टेक्नोलॉजी सेंटर और रिसर्च पार्क का दौरा करने के लिए बनाया गया था। रिसर्च पार्क की उनकी यात्रा के दौरान, प्रतिनिधियों को उद्यमिता और स्टार्टअप के क्षेत्र में आईआईटी गुवाहाटी द्वारा किए गए उपायों के बारे में पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी दी गई। दूसरी ओर, आईआईटी गुवाहाटी में बनाए जा रहे अत्याधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट के बारे में भी मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. सजल सेन ने उन्हें जानकारी दी। 5,460 मिलियन लागत वाली फर्म का निर्माण इस साल 2 अप्रैल से शुरू हुआ था यद्यपि यहां चार विषयों पर शोध कार्य शुरू किया जा चुका है। इसका निर्माण 30 महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटीयन्स द्वारा प्रदर्शित स्टार्टअप्स के उत्पादों को देखकर संतोष व्यक्त किया। संस्थान का दौरा करने के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटी गेस्टहाउस में असमिया व्यंजनों के साथ दोपहर का भोजन किया। प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा संस्थान का दौरा करने के बाद प्रसन्नता व्यक्त की। इससे पहले आज सुबह कामरूप जिले के अमीनगांव में आसियान-वन टेक्निकल सेंटर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का औपचारिक स्वागत राज्य के पर्यटन, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री रंजीत कुमार दास और खेल और युवा कल्याण मंत्री नंदिता गारलोसा ने किया। मंत्री रंजीत दास ने अपने भाषण में जापानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और असम के विशाल प्राकृतिक संसाधनों और इन संसाधनों के उचित उपयोग से विकास की क्षमता पर प्रकाश डाला।

# विशेष विधानसभा सत्र का एलान; प्राइवेट स्कूल फीस बिल होगा पेश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो** नई दिल्ली। बैठक में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए 13-14 मई को दो दिन का विशेष विधानसभा सत्र बुलाने का निर्णय लिया गया। इस सत्र में प्राइवेट स्कूल फीस बिल को विधानसभा में पेश किया जाएगा।

विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र में फीस नियंत्रण बिल पेश किया जाएगा। सीएम रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को दिल्ली सचिवालय में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में 13 और 14 मई को विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाने का फैसला लिया गया है। इस बिल को पहले ही दिल्ली कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है।

बैठक में निजी स्कूलों की ओर से बेतहाशा फीस वृद्धि के मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा हुई। बैठक में कहा गया कि निजी स्कूलों की अनुचित फीस वृद्धि मध्यवर्गीय परिवारों के लिए बड़ा आर्थिक बोझ बन गई है। नया बिल न केवल स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाएगा, बल्कि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने में भी मदद करेगा। इस संबंध में भाजपा विधायक रविंद्र सिंह नेगी ने बताया कि विधानसभा के विशेष सत्र में जलभराव व मानसून से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ में फीस नियंत्रण बिल भी पेश होने की पूरी संभावना है।

निजी स्कूलों में फीस वृद्धि को नियंत्रित करने वाला कोई स्पष्ट कानून अब तक नहीं है। यही कारण है कि स्कूल प्रबंधन मनमाने तरीके से फीस बढ़ा रहे हैं। अभिभावकों ने इस मुद्दे को लेकर दिल्ली सरकार और शिक्षा विभाग को कई शिकायतें दीं थीं। इनको गंभीरता से लेते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। प्रस्तावित निजी स्कूल फीस नियंत्रण बिल में कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किए गए हैं।

स्कूलों को फीस बढ़ाने से पहले सरकार की ओर से निर्धारित दिशा-निदेर्शों का पालन करना होगा। इसके लिए हर एक स्कूल में निगरानी समिति गठित होगी, जिसमें अभिभावक और शिक्षक प्रतिनिधि शामिल होंगे, जो फीस निर्धारण प्रक्रिया की निगरानी करेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर जुमार्ना और अन्य कानूनी कार्रवाई का प्रावधान होगा।

# शंकरदेव शिशु-विद्या निकेतन, असम ने मेधावी छात्राओं को दिया युगल किशोर और रामदुलारी मालपानी स्मृति मेधा पुरस्कार, अभिनंदन और सम्मान।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** असम : हाल ही में घोषित हाईस्कूल शिक्षान्त परीक्षा में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध ₹शिशु शिक्षा समिति, असम₹ के अंतर्गत संचालित शंकरदेव शिशु विद्या निकेतनों के उत्कृष्ट परिणामों ने असम की जनता के बीच विद्या भारती के आदर्शों और मातृभाषा माध्यम के विद्यालयों की महत्ता को कई गुना बढ़ा दिया है। असम के विभिन्न क्षेत्रों के मेधावी छात्र-छात्राओं को गुवाहाटी के जू रोड स्थित विष्णुपथ शंकरदेव शिशु विद्या निकेतन के रजनीकांत देव शर्मा स्मृति सभागार में शिशु शिक्षा समिति, असम द्वारा आयोजित एक अभिनंदन और सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण से हुआ, जिसे त्रिपुरा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गंगा प्रसाद प्रसैन, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष और मालपानी परिवार ने संपन्न किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रसैन के सामने शिशु शिक्षा समिति, असम के महासचिव श्री जगन्नाथ राजवंशी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता के रूप में सेवा निवृत्त एयर वाइस मार्शल संजीव बरदोलोई ने विद्या भारती के राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की। मुख्य अतिथि, असम सरकार के उच्च शिक्षा सलाहकार देबब्रत दास ने विद्या भारती की संस्कारयुक्त शिक्षा प्रणाली को राष्ट्र के लिए आदर्श



नागरिक निर्माण में सहायक बताया। सभा को समिति के अध्यक्ष कुलेंद्र कुमार भगवती और सरोज मालपानी ने भी संबोधित किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में 95% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को, पहली बार 100% उत्तीर्ण होने वाले निकेतनों के प्रधानाचार्यों को तथा 100% प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण निकेतनों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण का संयोजन बीरूबाड़ी शंकरदेव शिशु निकेतन के प्रधानाचार्य अरूप बुजरबुरुआ ने किया। प्रचार प्रमुख मुकुटेश्वर गोस्वामी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस बार समिति के ब्रह्मपुत्र उपत्यका क्षेत्र के 529 निकेतनों में से 330 निकेतनों ने हाईस्कूल शिक्षान्त परीक्षा में भाग लिया। कुल परीक्षार्थियों की संख्या 9960 थी, जिसमें से 94.03% छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इनमें से 168 निकेतनों के सभी छात्र-छात्राएं 100% उत्तीर्ण हुए। 541 छात्रों को डिस्टिंक्शन, 1670 को स्टार मार्क प्राप्त हुए। कुल 9960 में से 6143 छात्र प्रथम श्रेणी, 2857 द्वितीय श्रेणी और 365 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसके अतिरिक्त, कुल 12180 बार पत्रांक (लेटर मार्क्स) प्राप्त हुए, जिनमें कई छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100% अंक प्राप्त किए। उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में , 692 छात्र-छात्राओं में से 657 उत्तीर्ण हुए, जिससे कुल सफलता दर 95% रही। 44 निकेतनों में से 34 ने 100% सफलता प्राप्त की। 19 छात्रों को डिस्टिंक्शन, 68 को स्टार मार्क्स मिले; 300 प्रथम श्रेणी, 250 द्वितीय और 107 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन सचिव डॉ. पवन तिवारी, शिशु शिक्षा समिति के संगठन सचिव निरव घेलानी और सभी संबंधित अधिकारी, पूर्णकालिक कार्यकर्ता तथा सभी कार्यकर्त्ता वर्ग ने छात्रों की सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पेज एक का शेष...

## देश जो चाहता है...वह जरूर होगा , हमला करने वालों को जवाब देना मेरी जिम्मेदारी'

मेरी जिम्मेदारी है कि मैं सशस्त्र बलों के साथ मिलकर उन लोगों को मुंहतोड़ जवाब दूं जो हमारे देश पर बुरी नजर रखते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के अगले दिन एक कार्यक्रम में सिंह ने कहा था कि सरकार हर वह कदम उठाएगी जो जरूरी और उचित होगा। उन्होंने कहा था कि हम न केवल इस घटना को अंजाम देने वालों का पता लगाएंगे, बल्कि हम उन लोगों तक भी पहुंचेंगे, जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठकर भारतीय धरती पर इस नापाक कृत्य को अंजाम देने की साजिश रची है।

कार्यक्रम में सिंह ने ह्यदेश की आत्मा की रक्षाह्व में संतों और आध्यात्मिक लोगों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक जवान रणभूमि में लड़ता है जबकि एक संत जीवनभूमि में लड़ता है। भारत की शक्ति केवल उसकी सशस्त्र सेनाओं में ही नहीं, बल्कि उसकी संस्कृति और आध्यात्मिकता में भी निहित है। उन्होंने कहा कि यह वह भूमि है जो अर्जुन जैसे योद्धा के लिए जानी जाती है, लेकिन इसने दुनिया को भगवान बुद्ध जैसा संत भी दिया है। यह एक ऐसा राष्ट्र है जहां तलवार को ध्यान (तपस्या) से शुद्ध किया जाता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि 2047 तक ह्यविकसित भारतह्व का लक्ष्य हासिल करने के लिए देश को हर तरह से मजबूत बनना होगा। उन्होंने कहा कि हम तभी सच्चे अर्थों में विकसित भारत बनेंगे जब हम आर्थिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत बनेंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इस दौरान दोनों पक्ष वर्तमान क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के अलावा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर भी विमर्श करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ये बैठक ऐसे समय हो रही है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। भारत और जापान के बीच दीर्घकालिक मित्रता है। रक्षा और सुरक्षा दोनों देशों के बीच संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। हाल के वर्षों में भारत और जापान के बीच रक्षा आदान-प्रदान को बल मिला है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और स्थिरता के मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण से इसका महत्व बढ़ रहा है।

छह महीने में दूसरी मुलाकात होगी- राजनाथ सिंह और जनरल नाकातानी के बीच छह महीने में यह दूसरी मुलाकात होगी। पिछले साल नवंबर 2024 में लाओ पीडीआर में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस के मौके पर राजनाथ सिंह और नाकातानी की पहली बातचीत हुई थी। पिछले साल हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी सहयोग के महत्व को दोहराया था। उस बैठक में सिंह और जनरल नकातानी ने अपनी सेनाओं के बीच बेहतर अंतर-संचालन के लिए आपूर्ति और सेवा समझौते के पारस्परिक प्रावधान पर विचार-विमर्श किया था।

## स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म का सफल परीक्षण, बढ़ेगी भारत की ताकतं

रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ समीर वी कामत ने भी सिस्टम के डिजाइन, विकास और परीक्षण के पीछे की टीम की सराहना की। उन्होंने प्रोटोटाइप उड़ान को हवा से हल्के, उच्च ऊंचाई वाले प्लेटफार्मों के विकास में एक मील का पत्थर बताया जो स्ट्रैटोस्फेरिक ऊंचाइयों पर लंबे समय तक टिके रहने में सक्षम हैं।

## पहलगाम में आतंकी हमला: राष्ट्र के साथ खड़े होने का समय

ये वही लोग हैं जो हर बार आतंक के हमलों को या तो साजिश बताकर नजरअंदाज करते हैं या फिर ह्यभूल जाओ, आगे बढ़ोह्व जैसे शब्दों में लपेट देते हैं। लेकिन इस बार मामला सिर्फ एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की चीख है, जिसे चुपचाप सह लेना नैतिक अपराध होगा।

प्रश्न पूछने का अधिकार, लेकिन पहले संयम जरूरी है-ऐसे में कुछ लोग कहेंगे, ह्यप्रश्न पूछना तो लोकतंत्र का हक है!ह्व–बिल्कुल है। लेकिन क्या यह हक इतना बेसब्र हो चुका है कि एक घायल पत्नी की आँखों में आँसू सूखने से पहले ही हम प्रेस कॉन्फ्रेंस की मांग करने लगें? क्या एक जवान की शहादत के शव को मिट्टी भी नसीब न हो और हम सड़कों पर ह्यक्यों हुआ?ह्व के नारों में उलझ जाएं? सवाल पूछिए, जरूर पूछिए, लेकिन तब जब देश का मनोबल गिरा न हो, जब अपनों के आँसू थमे हों, जब धुआँ छँट जाए। अभी वक्त है एक स्वर में खड़े होने का, एकजुटता में जवाब देने का।

हमारी ज़िम्मेदारीः वीरता सिर्फ सीमा पर नहीं होती- यह समझना जरूरी है कि देशभक्ति केवल वर्दी में नहीं, विचार में भी होती है। जब कश्मीर में एक हिंदू नागरिक को सिर्फ इसलिए मारा जाए क्योंकि वह हिंदू है, और तब भी देश के भीतर कुछ लोग चुप रहें, या मुद्दे से ध्यान भटकाएं, तो यह नैतिक पराजय होती है। वह वीरता क्या काम की, जो बंदूक थामे बिना चुपचाप अत्याचार को सहन करे? क्या लेखकों, कलाकारों, विचारकों और नागरिकों की कोई ज़िम्मेदारी नहीं? क्या हम सिर्फ ट्रेंडिंग हैशटैग तक सीमित रह गए हैं?

सच्चाई को स्वीकार करनाः धार्मिक टारगेटिंग का विरोध-इस घटना के बाद सबसे बड़ा कार्य है–सच्चाई को साफ-साफ स्वीकारना। धार्मिक टारगेटिंग हुई है और उसे इसी रूप में स्वीकार कर उसका विरोध करना चाहिए। सेकुलरिज्म का मतलब यह नहीं कि सच्चाई से आँखें फेर ली जाएं। सेकुलरिज्म की सच्ची परीक्षा तभी होती है जब आप पीड़ित की जाति या धर्म देखकर नहीं, उसके दर्द को देखकर खड़े होते हैं। भारत की आत्मा बहुलता में विश्वास करती है, लेकिन वह बहुलता तब तक ही जीवित है जब तक आप सच्चाई से भाग नहीं रहे।

समर्थनः हमारी ताकत है-सोशल मीडिया के इस दौर में झूठ फैलाना आसान है, लेकिन सच का साथ देना ज्यादा जरूरी है। अफवाहों से ज्यादा खतरनाक है–चुप्पी। हमें चाहिए कि हम तथ्य साझा करें, संवेदनशीलता के साथ। सरकार, सेना और सुरक्षाबलों का मनोबल सिर्फ हथियारों से नहीं, हमारे शब्दों और समर्थन से भी बढ़ता है। इस कठिन समय में यदि हम एक भी गलत संदेश दे बैठें, तो हम आतंकवादियों के हाथों में अप्रत्यक्ष रूप से हथियार सौंपते हैं।

एकजुटता का समयः पहलगाम की घटना और भारत का सवाल-इस घटना ने भारत के सामने एक बार फिर वही सवाल खड़ा कर दिया है–क्या हम एक हैं, या टुकड़ों में बंटे हुए हैं? जब पहलगाम में एक परिवार उजड़ता है, तो सिर्फ कश्मीर नहीं, पूरा देश घायल होता है। उस महिला की चीखें जो अपने पति की लाश के सामने बदहवास होकर रोती रही, वह केवल एक पत्नी का रोदन नहीं था, वह भारत माता की कराह थी। और इसका उत्तर हम केवल आँसू पोंछकर नहीं, एकजुट होकर दे सकते हैं।

संकल्प का समयः राष्ट्र सर्वोपरियह सही है कि हर घटना पर सरकार से जवाबदेही मांगी जानी चाहिए, लेकिन वह एक प्रक्रिया है, जो समय लेकर संस्थानों से पूरी होती है। लेकिन जनता का काम क्या है? सिर्फ सवाल करना? या फिर जरूरत पड़ने पर उस राष्ट्रध्वज के नीचे खड़े होना, जिसकी छाया में हम सांस लेते हैं? लोकतंत्र बहस का नाम है, लेकिन उस बहस की गरिमा तब ही रहती है जब वह उचित समय पर हो। संकट की घड़ी में बहस नहीं, भरोसा चाहिए। जब हम युद्ध में होते हैं, तब हम रणनीति पर चर्चा नहीं करते–हम योद्धाओं का साथ देते हैं।

एक आँसू, एक जवाब-इसलिए आज जरूरत है कि हम उस एक पर्यटक को एक प्रतीक मानें–उस भारत का प्रतीक, जो अपने परिवार के साथ छुट्टियाँ मनाने निकलता है, अपनी ज़िंदगी में विश्वास रखता है, और फिर अचानक एक आतंक की गोली से छिन जाता है। हमें यह याद रखना होगा कि अगर हम आज नहीं जागे, तो कल कोई और पहलगाम में मारा जाएगा, और तब भी हम यही कहेंगे–ह्वबहुत अफसोस है।

लेकिन अब समय अफसोस का नहीं, संकल्प का है। संकल्प इस बात का कि हम सच्चाई से डरेंगे नहीं। हम धर्म के नाम पर मारे गए किसी भी नागरिक के लिए एकजुट होंगे। हम आतंक के हर स्वरूप के खिलाफ एक स्वर में बोलेंगे। हम आलोचना करेंगे, लेकिन तब जब देश की आँखें नम न हों। हम सवाल उठाएंगे, लेकिन तब जब देश की आत्मा घायल न हो।

पहलगाम में मारे गए युवक की पत्नी ने जो चीखें मारीं, वो सिर्फ एक परिवार का दर्द नहीं था–वो भारत की अस्मिता की पुकार थी। और उसका जवाब यह होना चाहिए कि देश एक है, सभी मतभेदों से ऊपर उठकर, एक स्वर में बोलेः ह्वराष्ट्र सर्वोपरि।

## पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

30 अप्रैल को आर्मी चीफ जनरल द्विवेदी ने पीएम मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की थी। इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए डोभाल भी शामिल हुए थे।

3 मई को शाम 6 बजे नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात एक घंटे तक चली। 3 मई को दोपहर 12 बजे वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी प्रधानमंत्री से करीब 40 मिनट तक मुलाकात की।

बता दें, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के बाद 26 अप्रैल को पीएम मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और अन्य सशस्त्र बलों के प्रमुखों के साथ अहम बैठक की थी। डेढ़ घंटे की इस बैठक में पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों को पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट दी थी।

## नेपाल सीमा से सटे जिलों के सौ से ज्यादा मदरसे सील सबसे ज्यादा श्रावस्ती के 68 मदरसे हुए सील

सिद्धार्थनगर में 21 से सभी 21 अवैध कब्जों पर हुई कार्रवाई– सिद्धार्थनगर जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले में नेपाल सीमा से 10 किलोमीटर अंदर तक कुल 21 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं, जिनमें चार अवैध धर्मस्थल और 17 अवैध मदरसे शामिल हैं। जिला प्रशासन ने 20 अतिक्रमणों को नोटिस जारी की है, जबकि एक अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

बलरामपुर में बंद कराए गये 16 अवैध मदरसे –बलरामपुर जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले में अबतक 34 अवैध मदरसे, धार्मिक स्थल और मजार चिह्नित किये गये हैं। इनमें से 6 से कब्जा हटाया गया है। 16 मदरसे बंद करा दिये गये हैं और 12 को नोटिस दी गई है। एक स्थान पर ईदगाह बना हुआ है, जिसपर कार्रवाई जारी है।

पीलीभीत में 6 लोगों के खिलाफ नोटिस जारी– पीलीभीत जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले में अबतक केवल एक अवैध धार्मिक स्थल मिला है। जिसमें 6 लोगों को नोटिस दे दी गई है।

श्रावस्ती में 68 मदरसे सील, 164 पर बेदखली की कार्रवाई –श्रावस्ती जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले में बिना मान्यता के चल रहे 68 मदरसों को सील कर दिया गया है, जबकि 164 मदरसों पर बेदखली की कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त भिनगा तहसील के ग्राम भरथा रोशनगढ़ में एक अवैध धर्मस्थल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी की गई है।

## गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पहले ही साल टोल से कमाएगा 60 करोड़

उसे टोल शुल्क वसूली के अलावा चार एडवांस श्रेणी की एम्बुलेंस, चार सेफ्टी वाहन और चार पेट्रोलिंग वाहनों का संचालन भी करना होगा। 91.35 किलोमीटर लंबे गोरखपुर एक्सप्रेसवे की अनुमानित लागत 7,283.28 करोड़ रुपये है। यह परियोजना इस एक्सप्रेसवे की लागत प्रति किलोमीटर के आधार पर अभी तक सबसे ज्यादा होगी। इससे गोरखपुर, आंबेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ जिले के लोग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

**हर श्रेणी के लिए मासिक पास की भी व्यवस्था**– गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर मासिक पास की दरें भी निर्धारित कर दी गई हैं।

दोपहिया और तीन पहिया वाहनों का मासिक पास अधिकतम 2280 रुपये में बनेगा। वहीं कार आदि को इसके लिए 4560 रुपये देना होंगे। हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए 7050 रुपये तय किए गए हैं। बस और ट्रक के लिए अधिकतम 13430 रुपये देने होंगे। भारी निर्माण वाहनों के लिए मासिक पास की दर 21390 रुपये रखी गई है।

ओवरसाइज वाहनों को 27910 रुपये देना होंगे। खास बात ये है कि इस एक्सप्रेस वे पर मिलने वाले टोल में सबसे ज्यादा हिस्सा भारी निर्माण की श्रेणी में आने वाले वाहनों का होगा। कुल टोल संग्रह में से इस श्रेणी से मिलने वाला टोल 67 फीसदी होगा। दूसरे नंबर पर कार–जीप जैसे वाहन होंगे, जिनकी हिस्सेदारी 37 फीसदी होगी। तीसरे नंबर पर 16 फीसदी के साथ ट्रक व बस और चौथे नंबर पर 11 फीसदी के साथ मिनी बस जैसे वाहन होंगे।

## ओपी राजभर का अखिलेश पर हमला

राजभर ने कहा कि जब तक सपा अध्यक्ष सत्ता में रहे, उन्हें कभी महाराजा सुहेलदेव की याद नहीं आई। अब वोट बैंक की राजनीति के लिए राजभर समाज को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन समाज अब उनके झांसे में नहीं आएगा। राजभर ने तंज कसते हुए कहा कि जो अपने पिता और चाचा का नहीं हो सका, वो राजभर समाज का क्या होगा? सपा अध्यक्ष ने न तो बसपा को छोड़ा, न जयंत चौधरी को, उनकी फितरत केवल ठगने की है। उन्होंने कहा कि वह अखिलेश के साथ रह चुके हैं और उनकी कार्यशैली को अच्छे से जानते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि जातिगत जनगणना के बाद अखिलेश का वोट बैंक खिसक जाएगा। इसलिए, वह अब राजभर समाज को धोखा देने की कोशिश में जुट गए हैं। राजभर ने समाजवादी पार्टी पर दलितों को 'गुलाम' समझने का भी आरोप लगाया।

## परिवहन विभाग के निजी फिटनेस सेंटरों पर हो रही वसूली, विभाग गोपनीय तरीके से कराएगा जांच

संचालक, मैनेजर सहित 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज– झांसी में सेंटर शुरू होते ही यहां विभाग की ओर से निर्धारित शुल्क से तीन से चार गुना वसूली शुरू हो गई। जांच में मामला सही पाए जाने संभागीय निरीक्षक (आरआई) संजय सिंह ने फिटनेस सेंटर के संचालक, मैनेजर सहित 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। अन्य सेंटर से भी शिकायतें आ रही हैं।

सेंटरों के निजी हाथों में जाते ही शिकायतों को विभाग ने बड़ी चुनौती माना है। अब इसे रोकने की रणनीति तैयार की गई है। निजी फिटनेस सेंटरों की गोपनीय तरीके से निगरानी की जाएगी। जहां भी शिकायतें मिलेंगी, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। सेंटरों की निगरानी के लिए अलग से गाइडलाइन भी तैयार की जा रही है।

निजी वाहनों का हर साल 600 रुपया शुल्क लगता है

विभाग की ओर से कॉमर्शियल वाहनों का आठ साल तक (हर दूसरे साल) फिटनेस कराना होता है। छोटे वाहनों के लिए 800 और दूसरे वाहनों के लिए 1200 रुपया शुल्क निर्धारित है। आठ साल बाद हर साल फिटनेस कराना होता है। निजी वाहनों का हर साल 600 रुपया शुल्क लगता है।

## शिवानंद बाबा नहीं रहेः पीएम मोदी बोले- योग से समाज की सेवा की, उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा

योग और साधना को समर्पित उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। योग के जरिए समाज की सेवा के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित भी किया गया था। शिवानंद बाबा का शिवलोक प्रयाण हम सब काशीवासियों और उनसे प्रेरणा लेने वाले करोड़ों लोगों के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं इस दुःख की घड़ी में उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं।'

यह भी पढ़ें– पद्मश्री से सम्मानित 129 साल के योग गुरु बाबा शिवानंद का निधन, आज होगा स्वामीजी का अंतिम संस्कार

अन्न नहीं खाते थे पद्मश्री शिवानंद–पद्मश्री शिवा नंद अन्न नहीं खाते थे। योग गुरु और योग साधना में निपुण थे। वह योग साधना को ज्यादा प्राथमिकता देते थे। वह महाकुंभ में भी स्नान के लिए पहुंचे थे। आश्रम से जुड़े लोगों का दावा है कि वह देश के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति थे। उन्हें 2022 में पद्मश्री से नवाजा गया था। तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उन्हें सम्मानित किया था।

योग साधना को ज्यादा प्राथमिकता देते थे–योग गुरु शिवानंद योग साधना को ज्यादा प्राथमिकता देते और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करते थे। अस्पताल के डॉ देवाशीष ने बताया कि स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह तीन दिनों से बीएचयू में भर्ती थे। उनका पार्थिव शरीर शनिवार की देर रात दुगार्कुंड स्थित आश्रम पर लाया गया। शिष्यों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार रविवार को हरिश्चंद्र घाट पर किया जाएगा।

# सीएम योगी का निर्देश, गरीब परिवारों को एक-एक दुधारू गोवंश उपलब्ध कराएं

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अफसरों को निर्देश दिए कि गाय के गोबर से तैयार पेंट का सरकारी भवनों में भी प्रयोग किया जाए। वहीं, मंडल स्तर पर देसी नस्ल की गायों की प्रतियोगिता भी आयोजित कराएं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि जिन गरीब परिवारों के पास पशुधन नहीं है, उन्हें मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत गाय उपलब्ध कराई जाए। इससे परिवारों को एक ओर जहां गोसेवा का पुण्य मिलेगा, वहीं दूसरी ओर दूध की उपलब्धता से परिवार के पोषण स्तर में भी सुधार होगा।

मुख्यमंत्री ने रविवार को पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास करें। गोबर से बने प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी किया जाए तथा पेंट बनाने वाले प्लांट की संख्या बढ़ाई जाए। । इसी प्रकार, गौ आधारित उत्पाद बनाने वाली संस्थाओं के बीच भी प्रतियोगिता आयोजित की जाए। मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश के 7693 गो आश्रय स्थलों में 11.49 लाख गोवंश संरक्षित हैं। इनकी निगरानी सीसीटीवी से की जा रही है और निरीक्षण भी हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि यहां केयर टेकर की तैनाती, उन्हें समय से वेतन भुगतान, भूसा बैंक की स्थापना तथा पानी हरे चारे और चोकर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थलों में समय-समय पर पशु चिकित्सकों को भेजकर जांच भी कराई जाए।

आठ वर्षों में खाद्यान्न उत्पादन में 167.66 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि

मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा में कहा कि किसान सिर्फ योजनाओं के लाभार्थी नहीं बल्कि समग्र विकास में सक्रिय भागीदार बनेंगे। नए उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका नहीं, बल्कि समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी। ऐसे में किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही श्री अन्न और प्राकृतिक खेती को बढावा दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कुल कृषि क्षेत्र का 11.41 फीसदी हिस्सा उत्तर प्रदेश में है। खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी 20.89 फीसदी है, जो किसानों की मेहनत और सरकार की प्रभावी नीतियों का प्रमाण है। 2016-17 में जहां खाद्यान्न उत्पादन 557.46 लाख मीट्रिक टन था, वह 2024-25 में बढ़कर 725.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है। इसी अवधि में दलहन और तिलहन उत्पादन में दोगुने से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है।

**जलवायु क्षेत्र के हिसाब से विकसित करें बीज**

बीज की गुणवत्ता और उपयुक्तता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जलवायु क्षेत्रों के अनुसार बीज विकसित किए जाएं। बीज विकास निगम द्वारा किसानों से बीज खरीद की राशि बढ़ाने और संसाधित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। लखनऊ में प्रस्तावित चौधरी चरण सिंह बीज पार्क की स्थापना को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने इसे बीज क्षेत्र में क्रांति का आधार बताया। सीएम ने उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद जैसे संस्थानों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता जताई।

# पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ अनोखा विरोध किसान ने जलता कुर्ता पहनकर दर्ज कराई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मोदीनगर, शनिवार को मोदीनगर तहसील मुख्यालय में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उस समय अफरा-तफरी में बदल गया जब एक शिकायतकर्ता ने अचानक अपने कुर्ते में आग लगा ली। यह घटना तहसील परिसर में मौजूद अधिकारियों और आम लोगों के बीच सनसनी का कारण बन गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब डेढ़ बजे गोविन्दपुरी कॉलोनी निवासी किसान सत्येंद्र कुमार अपने कुर्ते में आग लगाकर समाधान दिवस में पहुंच गया। किसान सत्येंद्र कुमार हाथ में एक प्रार्थनापत्र भी था, जिसमें कार्रवाई न होने पर आत्मदाह करने की बात लिखी थी। आग लगने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया हालांकि,



नेशनल प्रेस टाइम्स वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

पीड़ित व्यक्ति लंबे समय से मोदीनगर पुलिस की कार्यप्रणाली से परेशान था। समाधान दिवस के दौरान जब उसकी शिकायत पर अपेक्षित कार्रवाई न होती देखी, तो उसने नाराजगी में आकर यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना स्थल पर मौजूद कुछ लोगों तुरंत आग बुझाकर युवक को बचाया।

मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि युवक की शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है उपजिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती का कहना है कि पुलिस से मामले में स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि शिकायतकर्ता को किन कारणों से इतना कदम उठाना पड़ा।

इस घटना के बाद तहसील परिसर में मौजूद अन्य शिकायतकताओं और आम नागरिकों में दहशत का माहौल बन गया। सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठे हैं, क्योंकि इस तरह की घटनाएं प्रशासन की संवेदनशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती हैं।

# अखिलेश यादव बोले- जातीय जनगणना में धांधली पर नजर रखे पीडीए समाज, सजग रहें



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए परिवार को सजग रहना चाहिए जिससे कि जाति जनगणना में कोई गड़बड़ी न होने पाए।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जातीय जनगणना में भाजपा कोई गड़बड़ी न कर पाए, इसके लिए सतर्क रहना है। पीडीए समाज को भाजपा की धांधली पर नजर रखनी है, जिससे जातीय जनगणना ईमानदारी से हो और सच्चे आंकड़े भी आएं। उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लगाए।

अखिलेश ने प्रदेश मुख्यालय पर रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार और लूट चल रही है। किसानों की फसलों की खरीद में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है। धान खरीद में भ्रष्टाचार का कागजों में रिकॉर्ड है, विधानसभा से लेकर कई प्लेटफार्म पर शिकायत हुई, लेकिन लूट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि बुंदेलखंड में मूंगफली खरीद में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। भाजपा के कार्यकताओं और बिचौलियों ने मुनाफा कमाया। अब गेंहू खरीद में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। किसानों का गेहूं उद्योगपतियों के लिए आढ़तियों के माध्यम से खरीदा जा रहा है। सरकार ने पाबंदी लगा दी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को अपमानित कर रही है। सवाल पूछने पर एफआईआर करा रही है। आंदोलन करने पर पगड़ी उछाली जाती है। गाजीपुर से गाजियाबाद तक कई मौकों पर भाजपा ने किसानों को अपमानित करने का काम किया है। इस अवसर पर नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सिद्धार्थनगर जिले में बिना धान और गेंहू खरीदे 64 करोड़ रुपये खातों में भेज दिया गया। इसमें सबसे ज्यादा पैसा पाने वाले भाजपा के लोग हैं।

# यूपी में छह आईएएस अफसरों के तबादले, विशेष सचिव गृह विभाग बने आईएएस ए दिनेश कुमार

लखनऊ। यूपी में छह आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। ए दिनेश कुमार को गृह विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। वहीं, कृति राज को उन्नाव जिले का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। यूपी में रविवार को छह आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस ए दिनेश कुमार को विशेष सचिव, गृह विभाग बनाया गया है। इसी तरह अविनाश कृष्ण सिंह को वर्तमान पद के साथ सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग का भी प्रभार दिया गया है।
आईएएस बृजराज सिंह यादव को राजस्व परिषद लखनऊ में अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस विनोद कुमार को विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग बनाया गया है। आईएएस प्रेम प्रकाश मीणा को अलीगढ़ का नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। आईएएस कृति राज को उन्नाव जिले का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है।

# सपा नेता शिवपाल सिंह बोले- करणी सेना आतंकियों से कम नहीं, इन लोगों को भाजपा सरकार का समर्थन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ- सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि करणी सेना के लोगों को भाजपा का समर्थन प्राप्त है। ये लोग आतंकवादियों से कम नहीं हैं। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि करणी सेना के लोग आतंकवादियों से कम नहीं हैं। इन लोगों को भाजपा सरकार समर्थन दे रही है। शिवपाल सिंह रविवार को वजीरगंज के मोहनपुर खुर्दहा में पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह के आवास पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पीओके अब हमारा होना चाहिए। यह सही समय है। अब सरकार पीओके को तुरंत वापस ले। शिवपाल ने कहा, प्रदेश सरकार हर मुद्दे पर फेल है। सरकार सिर्फ हिंदू-मुस्लिम की राजनीति कर रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधर्म निभाने में असफल रहे। मणिपुर में दो साल से आग लगी है, लेकिन प्रधानमंत्री वहां नहीं गए।

# अमरोहा में खोदाई में मिले ये सोने के सिक्के... घी बेचने के बहाने घर में घुसीं, 8.5 लाख रुपये ठग ले गईं राजस्थान की महिलाएं

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**

अमरोहा ' उ. प्र- गजरौला में पीतल के सिक्कों को सोना का बताकर राजस्थान की महिलाओं ने एक गृहणी को ठगी का शिकार बना लिया। महिलाओं ने 8.40 लाख की ठगी कर ली। ये महिलाएं घी बेचने का बहाकर बनाकर घर में दाखिल हुई थीं। जब महिला ने अपने बेटे को ये सिक्के दिखाए तो उनकी जांच कराने के बाद ठगी की जानकारी हुई ठगी की शिकायत की तहरीर थाने में दी गई है

पति हैं बीमार, पेंशन पर लिया था 5.60 लाख का लोन

बेचने के बहाने घर में घुसीं राजस्थान की दो महिलाओं ने पीतल के सिक्कों को सोना का बताकर कारोबारी की मां से आठ लाख 40 हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना की जानकारी होने पर होश उड़ गए। मामले की तहरीर थाने में दी गई है। पुलिस ने प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करने आश्वासन दिया है घटना नगर के मोहल्ला बैंक कॉलोनी की है। यहां बस्ती मार्ग पर स्पोर्टस के सामान की दुकान करने वाले आशीष शर्मा का घर बना हुआ है। उनकी मां उमा शर्मा घर पर थीं

एक मई की दोपहर करीब तीन बजे राजस्थान की दो महिलाएं और एक बच्चा घी बेचने के बहाने उनके घर पर पहुंचे। उमा शर्मा ने घर में बुलाकर काफी देर तक घी चेक करते हुए अपने समधी को घी दिलवाया। इसी दौरान इन दोनों महिलाओं ने उमा शर्मा से कहा कि रानी मां हमारे पास सोने के कुछ सिक्के हैं जो, खोदाई की दौरान मिले हैं। इन सिक्कों को एक मुस्लिम बाबा खरीदने के लिए पीछे पड़ा हुआ है लेकिन, हम उसे देना नहीं चाहते हैं। आप भली महिला हैं, इसलिए दस लाख रुपये में आप ही ले लो

महिलाओं के झांसे में फंसीं उमा शर्मा-उमा शर्मा इन महिलाओं के झांसे में फंस गई और घर में रखी आठ लाख 40 हजार रुपये की नकदी लाकर ठगी करने वाली इन महिलाओं को सौंप दी। कुछ ही देर में दोनों महिलाएं छोटे आकार के 100 सिक्के कारोबारी की मां को देकर चली गई

बेटे को दिखाए सिक्के तो नकली निकले-अब शनिवार को उमा शर्मा ने अपने पुत्र को इस मामले के बारे में बताते हुए जब सिक्के दिखाए तो वह सोने की बजाए पीतल के निकले। सुनार से चेक कराने पर हकीकत सामने आई और ठगी का अहसास हुआ। मामले की तहरीर थाने में दी गई है। कस्बा प्रभारी अतवीर सिंह ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है

पति हैं बीमार, पेंशन पर लिया था 5.60 लाख का लोन-उमा शर्मा के पति रामौतार शर्मा बीमार चल रहे हैं। वह बिजली विभाग में लाइनमैन के पद से सेवानिवृत्त हैं। उन्हीं के इलाज के लिए उमा शर्मा ने पति की पेंशन पर 5.60 लाख रुपये का लोन लिया था। बाकी पैसे बेटे की दुकान के रखे हुए थे। मगर, टप्पेबाजी करने वाली महिलाएं शिकार बनाकर सब धनराशि को ले गईं।

# जाति के आधार पर पत्नी को घर से निकाला: अमरोहा के हसनपुर में कोर्ट मैरिज के 2 साल बाद पति ने 2 साल की बच्ची समेत महिला को किया बाहर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



अमरोहा ' उ. प्र-अमरोहा के रहरा थाना क्षेत्र में एक महिला न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। वाल्मीकि समाज की काजल ने 2021 में एक गुर्जर युवक से कोर्ट मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों हसनपुर में किराए के कमरे में रहने लगे। काजल ने बताया कि उसके पति ने अपनी बहन की शादी के बाद उसे घर ले जाने का वादा किया था

सामान घर से बाहर फेंका-22 अप्रैल को बहन की शादी हुई। शादी के तीन दिन बाद पति उसे घर ले गया। लेकिन 27 अप्रैल को ससुराल वालों ने उसका सामान घर से बाहर फेंक दिया और उसे निकाल दिया। 30 अप्रैल को स्थिति और बिगड़ी जब देवर ने उसके साथ धक्का-मुक्की की।

सरकार से न्याय की मांग- पति ने भी उसे घर में रखने से साफ मना कर दिया। महिला का आरोप है कि उसे जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित किया जा रहा है। दो साल की बच्ची की मां काजल ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर न्याय की गुहार लगाई है। उसने कहा कि वह थाने भी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब वह सरकार से न्याय की मांग कर रही है

कृपा धाम मंदिर प्रांगण में बिहारी जी के संग फूलों की होली खेलकर पंच दिवसीय संगीतमय भक्तमाल कथा का समापन हुआ

# भीम आर्मी के वरिष्ठ नेता विकास बाबू एडवोकेट बने उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, उत्तर प्रदेश। भीम आर्मी द्वारा संगठनात्मक विस्तार और सशक्त नेतृत्व को ध्यान में रखते हुए बरेली मंडल के लोकप्रिय और संघर्षशील नेता विकास बाबू एडवोकेट को उत्तर प्रदेश का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय विनय रतन सिंह जी एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप भार्गव जी द्वारा की गई। विकास बाबू पिछले छह वर्षों से भी अधिक समय से भीम आर्मी के संगठनात्मक ढांचे में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने जिला व मंडल स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए समाज के दबे-कुचले, वंचित, पीड़ित और शोषित वर्गों की आवाज को बुलंद किया। पिछले लगभग तीन वर्षों से वे बरेली मंडल अध्यक्ष के पद पर कार्यरत रहे, जहां उन्होंने संगठन का निरंतर विस्तार किया और सैकड़ों युवाओं को सामाजिक न्याय दिलाने का कार्य किया !

# टीएसएच के खिलाड़ियों ने कराटे चैंपियनशिप में मारी बाजी

**एनपीटी ब्यूरो**



कानपुर,थर्ड ओपन डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 3 और 4 मई को ड्रैगन मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन ऑफ कानपुर द्वारा दशमेश हॉल, गुरु माता साहिब कौर गुरुद्वारा, परदेवन पुरवा, कानपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में टीएसएच (द स्पोर्ट्स हब), आर्यनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 15 स्वर्ण, 6 रजत और 4 कांस्य पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने यह सफलता अपने प्रशिक्षक निधि कश्यप और सुनील कुमार के मार्गदर्शन में हासिल की, जिनके सटीक प्रशिक्षण और तकनीकी कुशलता का प्रभाव खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और प्रदर्शन में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में शौर्य गुप्ता, आदित्य कुमार, श्रद्धा यादव, अनन्या गुप्ता, कनुप्रिया, आर्रव, रियान, अभान, वरधान, अंशिका, शगुन, कनिष्का, खुशी गौतम, अनुष्का निगम और ध्रुवी के नाम शामिल हैं। रजत पदक जीतने वालों में तन्वी गुप्ता, जयादित्य, रमन जायसवाल, रिदम, संजना और प्रियंका शामिल रहीं। कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी विन्शी, सृष्टि, कायरा और वंश कुमार रहे।

टीएसएच, आर्यनगर को आज कराटे जैसे खेलों में उभरती हुई प्रतिभाओं का केन्द्र माना जा रहा है, जहाँ खिलाड़ियों को नवीनतम सुविधाएं, अनुशासित वातावरण और दक्ष प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि टीएसएच में उन्हें न केवल शारीरिक क्षमता, बल्कि मानसिक दृढ़ता भी प्रदान की जाती है। आने वाले समय में भी टीएसएच के खिलाड़ी इसी प्रकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का परचम लहराते रहेंगे।

# बोली मंत्री बेबीरानी मौर्य बालिकाओं को शिक्षित बनाओ, होगा देश का विकास

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मुरादाबाद। रविवार को पंचायत भवन सभागार में निर्धन एवं जरुरतमंद बालिकाओं के लिए फीस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री बेबी रानी मौर्य ने जरूरतमंद बालिकाओं को फीस के चेक वितरित किए। इस मौके पर लगभग 200 बालिकाओं को शैक्षणिक फीस प्रदान की गई, जिससें वह आगे की पढ़ाई निर्बाध रुप से जारी रख सकें।

मंच से बोलते हुए मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि पहले समाज में बेटियों को पढ़ने नहीं दिया जाता था। जबकि आज के दौर में बेटियां पूरे भारत में अपनी सेवाएं दे रही हैं। बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए जो पहल की है,वह सराहनीय है इससे गरीबी समाज की आर्थिक रुप से कमजोर बालिकाएं शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ेगी और उनका भविष्य उज्जवल होगा।

**ट्रस्ट की अध्यक्ष ने कहा, प्रयास है कोई पढ़ाई से वंचित ना रहे-** ट्रस्ट की अध्यक्ष ने कहा, यह प्रयास है कि कोई भी बालिका केवल आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रह जाए। हमारा विश्वास है कि एक शिक्षित बालिका न केवल अपना बल्कि पूरे समाज का भविष्य संवारती हैं। नन्हीं सी चिड़िया ट्रस्ट भविष्य में भी इस प्रकार के सामजिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता, भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष, डा० शैफाली चौहान, भाजपा के मुरादाबाद महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला , प्रसिद्ध समाजसेविका शिखा गुप्ता, डाक्टर सचदेवा, राजेश रस्तोगी,सीए दीपक बाबू,योग शिक्षिका रीतू नारंग गीतांजलि पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## विनय नरवाल की विधवा सद्भाव के पक्ष में

ऐसे वक्त में जब पहलगाम हत्याकांड के बाद देश में गुस्से और आक्रोश का माहौल है, तब एक विवेक की आवाज का बुलंद होना सुखद ही है। पहलगाम के बैसरन मैदान में हुए आतंकी हमले में नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की आतंकवादियों ने निर्मम हत्या कर दी थी। उनकी पत्नी हिमांशी नरवाल ने अपने जीवनभर सालने वाले दुख के बावजूद अपील की है कि इस आतंकी हमले के लिये जिम्मेदार अपराधियों के अलावा किसी को कोई सजा न मिले। विनय नरवाल के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने कहा ह्य हम नहीं चाहते कि लोग अल्पसंख्यकों व कश्मीरियों को अपने आक्रोश का शिकार बनाएं।ह्न बाकायदा, उन्होंने इस मौके पर देश में शांति बनाये रखने और सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखने की जोरदार अपील की। जो उस सोच के विपरीत है जो पहलगाम के बैसरन में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद देश में उभारी जा रही है। दरअसल, हिमांशी ने उन उग्र सोच के लोगों को स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया, जो इस राष्ट्रीय त्रासदी का लाभ उठाकर सांप्रदायिक प्रतिशोध की सोच को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आगरा में एक परेशान करने वाला मामला प्रकाश में आया, जहां एक बिरयानी विक्रेता की हत्या के बाद सोशल मीडिया पर प्रचारित किया गया कि यह पहलगाम त्रासदी का प्रतिशोध है। निस्संदेह, ऐसी संकीर्ण मानसिकता का राजनीतिक और धार्मिक नेताओं द्वारा विरोध न किया जाना, अक्षम्य ही कहा जाएगा। निश्चित रूप से ऐसी अप्रिय व परेशान करने वाली घटनाएं हमारे धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को ही नुकसान पहुंचाती हैं। खासकर उस ताने-बाने को, जो पहले से ही कमजोर पड़ रहा है। निर्विवाद रूप से कश्मीर के पहलगाम में हुई सांप्रदायिक हत्याओं के जरिये आतंकवादियों का मुख्य मकसद देश में हिंदू-मुस्लिमों के बीच तनाव पैदा करके देश की एकता को कमजोर करना था। ऐसे में यदि हम भी उसी सोच के साथ प्रतिक्रिया देने लगे तो कहीं न कहीं हम परोक्ष रूप से आतंकवादियों के मंसूबों को ही पूरा कर रहे होंगे। यह निर्विवाद तथ्य है कि हमें इसी समाज में रहना है और बेहतर होगा कि हम तमाम संकीर्णताओं को त्यागकर और मिलजुलकर ही रहें। यदि हम आतंकवादियों की सोच का प्रतिकार उनके एजेंडे के अनुरूप करेंगे तो निश्चिय ही गंगा-जमुनी संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा। आतंकवादियों का मंसूबा जम्मू-कश्मीर ही नहीं पूरे देश में शांति को भंग करना था। ऐसी किसी भी संकीर्ण सोच को सामूहिक संकल्प से ही नाकाम किया जा सकता है। इसी तरह की सार्थक व प्रेरक प्रतिक्रिया गुरमेहर कौर की तरफ से आई, जिनके पिता वर्ष 1999 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए मारे गए थे। उन्होंने देशकाल-परिस्थितियों के अनुरूप प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आतंकवाद की असली हार तब ही होती है जब हम हिंसा की प्रतिक्रिया में खुद को विभाजित करने से मना कर देते हैं। निस्संदेह, राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में, नागरिकों को उन लोगों को दृढ़ता से दूर करना चाहिए, जो आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को उन तत्वों पर नकेल कसनी चाहिए, जो आतंकवादियों के जघन्य कृत्यों की कीमत निर्दोष लोगों से वसूलने पर तुले हुए हैं। निर्विवाद रूप से हमारी विवेकशील प्रतिक्रिया और एक अखंड भारत की सोच ही आतंकवाद पर करारी चोट कर सकती है। वक्त की मांग है कि हम सीमा पार से चलाए जा रहे विभाजनकारी अभियानों को एकजुटता से विफल कर दें। हमारी किसी भी प्रतिक्रिया से ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि हम भारत के विरोधियों के मंसूबों को ही सींच रहे हैं। निस्संदेह, पहलगाम का आतंकी हमला हमारे मर्म पर हमला था, लेकिन जिस तरह की आवाज कश्मीर से आतंक के खिलाफ उठी, वैसे ही बुलंद आवाज हमें संकीर्ण सोच वाले तत्वों के खिलाफ मजबूती से उठानी चाहिए। देश में शांति-सौहार्द के लिये जरूरी है कि हम हिमांशी नरवाल की बड़ी सोच को विस्तार दें। जिन्होंने सब कुछ गंवाने के बावजूद राष्ट्र के सांप्रदायिक सद्भाव व भाईचारे को तरजीह दी। यह समय की मांग भी है कि हम भारतीय संस्कृति की विश्व बंधुत्व की सोच को मजबूत करें।

# शादी पाकिस्तान में और नागरिकता भारत की

**पाकिस्तान में भी नागरिकता कानून पक्षपाती हैं। वहां, यदि कोई पुरुष विदेशी महिला से शादी करता है तो उस महिला को पाकिस्तानी नागरिकता मिल सकती है लेकिन यदि कोई पाकिस्तानी महिला विदेशी पुरुष से शादी करती है तो उसके पति को नागरिकता नहीं मिलती। इसके अलावा, भारत में लंबे समय तक रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को नागरिकता देने की प्रक्रिया भी जटिल है। नागरिकता संशोधन अधिनियम (उअअ), 2019 के तहत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को नागरिकता दी जा सकती है लेकिन यह प्रावधान मुस्लिम प्रवासियों पर लागू नहीं होता। इससे उन मामलों में भेदभाव का आरोप लगता है, जहां पाकिस्तानी मुस्लिम पुरुष भारतीय महिलाओं से शादी करते हैं।**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश दिया तो एक नया मुद्दा सार्वजनिक हो उठा। भारत की महिलाओं की पाकिस्तान में शादी हुई और वे भारत में रह कर बच्चें पैदा कर रही है। यह मुद्दा तब और जटिल हो जाता है जब इन महिलाओं के बच्चे या पति पाकिस्तानी नागरिकता रखते हैं। इस दौरान, कई ऐसी महिलाएं सामने आईं जिनके पास भारतीय पासपोर्ट था लेकिन उनके पति या बच्चे पाकिस्तानी नागरिक थे। इन मामलों ने यह सवाल उठाया कि क्या ऐसी व्यवस्था भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है।

हम देखे कि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध हमेशा से तनावपूर्ण रहे हैं। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक कारणों से दोनों देशों के बीच विश्वास की कमी रही है। हाल के दिनों में, एक नया मुद्दा चर्चा में आया है जो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संरचना के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। यह मुद्दा है पाकिस्तान में शादी करने वाली भारतीय महिलाओं का भारत की नागरिकता बनाए रखना। कुछ लोग इसे केवल व्यक्तिगत पसंद या पारिवारिक मामला मान सकते हैं लेकिन गहरे विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक एकता और भारत की संप्रभुता पर गंभीर सवाल उठाता है।

भारत का संविधान एकल नागरिकता की व्यवस्था करता है जिसका अर्थ है कि कोई व्यक्ति एक साथ दो देशों का नागरिक नहीं हो सकता। नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत, भारतीय नागरिकता प्राप्त करने, निर्धारित करने और रद्द करने के नियम स्पष्ट हैं। फिर भी, हाल के वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां भारतीय महिलाएं, जिन्होंने पाकिस्तान में शादी




की है, भारत की नागरिकता बनाए रखती हैं। कुछ मामलों में, ऐसी महिलाएं अपने पाकिस्तानी पति और बच्चों के साथ भारत में रह रही हैं या बार-बार भारत-पाकिस्तान के बीच यात्रा कर रही हैं।

पाकिस्तान के साथ भारत का रिश्ता हमेशा से संवेदनशील रहा है। सीमा पर तनाव, आतंकवादी हमले, और जासूसी के मामले दोनों देशों के बीच अविश्वास को बढ़ाते हैं। ऐसे में, भारतीय नागरिकता रखने वाली महिलाएं, जो पाकिस्तानी नागरिकों से विवाहित हैं, संभावित रूप से जासूसी या आतंकवादी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल हो सकती हैं। यह केवल एक आशंका नहीं है, बल्कि हाल के कुछ मामलों ने इस खतरे को उजागर किया है।

उदाहरण के लिए, सीमा हैदर का मामला चर्चा में रहा है। सीमा, जो पाकिस्तान की नागरिक थीं, ने नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया और एक भारतीय नागरिक सचिन मीणा से शादी की। हालांकि सीमा ने दावा किया कि उन्होंने हिंदू धर्म अपना लिया और भारत में रहना चाहती हैं लेकिन उनके अवैध प्रवेश और पाकिस्तानी पृष्ठभूमि ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया। ऐसे मामलों में यह सवाल उठता है कि क्या ऐसी शादियां केवल व्यक्तिगत प्रेम कहानियां हैं, या इनके पीछे कोई सुनियोजित साजिश हो सकती है।

कुछ सोशल मीडिया पोस्ट्स में दावा किया गया है कि ऐसी शादियां भारत में ह्लस्लीपर सेलह्व बनाने का हिस्सा हो सकती हैं। हालांकि ये दावे पूरी तरह सत्यापित नहीं हैं लेकिन यह सच है कि भारत की उदार नागरिकता नीतियों का दुरुपयोग संभव है, विशेष रूप से, पाकिस्तान जैसे देश के साथ, जहां आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं. ऐसी शादियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं।

भारत का नागरिकता कानून इस तरह के मामलों को संबोधित करने में अपर्याप्त प्रतीत होता है। नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत, यदि कोई भारतीय नागरिक किसी विदेशी से शादी करता है तो उनकी नागरिकता स्वतः रद्द नहीं होती। हालांकि, यदि कोई भारतीय नागरिक किसी अन्य देश की नागरिकता स्वीकार करता है, तो उनकी भारतीय नागरिकता समाप्त हो जाती है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब ऐसी महिलाएं पाकिस्तान की नागरिकता के लिए आवेदन नहीं करतीं और भारत की नागरिकता बनाए रखती हैं।

पाकिस्तान में भी नागरिकता कानून पक्षपाती हैं। वहां, यदि कोई पुरुष विदेशी महिला से शादी करता है तो उस महिला को पाकिस्तानी नागरिकता मिल सकती है लेकिन यदि कोई पाकिस्तानी महिला विदेशी पुरुष से शादी करती है तो उसके पति को नागरिकता नहीं मिलती।

इसके अलावा, भारत में लंबे समय तक रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को नागरिकता देने की प्रक्रिया भी जटिल है। नागरिकता संशोधन अधिनियम (उअअ), 2019 के तहत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को नागरिकता दी जा सकती है लेकिन यह प्रावधान मुस्लिम प्रवासियों पर लागू नहीं होता। इससे उन मामलों में भेदभाव का आरोप लगता है, जहां पाकिस्तानी मुस्लिम पुरुष भारतीय महिलाओं से शादी करते हैं।

ऐसी शादियां भारत की जनसांख्यिकी को प्रभावित कर सकती हैं। यदि पाकिस्तानी नागरिक भारत में बसने लगते हैं, तो यह दीर्घकालिक रूप से भारत की सामाजिक और राजनीतिक संरचना को बदल सकता है। कुछ लोग इसे ह्लसांस्कृतिक जिहादह्व या ह्लवव जिहादह्व के रूप में भी देखते हैं, हालांकि ये शब्द विवादास्पद हैं और इन्हें सावधानी से इस्तेमाल करना चाहिए।

इस गंभीर मुद्दे से निपटने के लिए भारत को अपनी नीतियों और कानूनों में सुधार करना होगा। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि यदि कोई भारतीय नागरिक पाकिस्तान जैसे संवेदनशील देश के नागरिक से शादी करता है तो उनकी नागरिकता की समीक्षा की जाएगी। शादी के बाद एक निश्चित अवधि के भीतर विदेशी नागरिकता स्वीकार न करने पर भारतीय नागरिकता रद्द करने का प्रावधान हो सकता है। ऐसी शादियों और संबंधित व्यक्तियों की गतिविधियों पर खुफिया एजेंसियों को कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। विशेष रूप से, सीमा क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों में रहने वाले लोगों की जांच होनी चाहिए।

सामाजिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए ताकि लोग ऐसी शादियों के संभावित खतरों को समझ सकें। यह विशेष रूप से उन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है जो पाकिस्तान की सीमा से सटे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच नागरिकता और विवाह से संबंधित मुद्दों पर स्पष्ट द्विपक्षीय समझौते होने चाहिए। इससे दोनों देशों के नागरिकों की स्थिति स्पष्ट होगी और दुरुपयोग की संभावना कम होगी। अवैध प्रवेश या संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। सीमा हैदर जैसे मामलों में त्वरित और पारदर्शी जांच होनी चाहिए।

शादी पाकिस्तान में और नागरिकता भारत की रखने का मुद्दा केवल व्यक्तिगत पसंद का मामला नहीं है; यह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। हालांकि हर मामला साजिश का हिस्सा नहीं हो सकता, लेकिन इसकी संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत को अपनी नागरिकता नीतियों को और सख्त करना होगा, ताकि इस तरह के दुरुपयोग को रोका जा सके। साथ ही, सामाजिक जागरूकता और खुफिया निगरानी को बढ़ाकर इस मुद्दे से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। यह मुद्दा न केवल भारत की सरकार, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए एक चेतावनी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी उदारता और सहिष्णुता का दुरुपयोग न हो, और हमारा देश सुरक्षित और एकजुट रहे। इस दिशा में त्वरित और प्रभावी कदम उठाना समय की मांग है।

## टीचर और भूमिहीन विधवा का लेखपाल की फर्जी रिपोर्ट पर बनाया एक ही जैसी आय का प्रमाण पत्र

### अपात्र को मिली आंगनबाड़ी में नौकरी, पात्र कई दिनों से दे रही तहसील पर धरना

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। आंवला तहसील में तैनात लेखपाल अमित सक्सेना पर आरोप है कि पैसे लेकर फर्जी आय प्रमाण पत्र की रिपोर्ट लगा दी। जिससे पात्र भूमिहीन विधवा की बेटी को नौकरी नही मिल पाई । तहसील आंवला के गांव मानौना की रहने वाली शबीना पिछले छः दिनों से परिवार सहित आंवला तहसील पर धरना दे रही है। महिला का आरोप है कि लेखपाल और तहसील प्रशासन की मिलीभगत से आय प्रमाण जारी किया गया। तहसील आंवला के गांव मानौना की रहने वाली शबीना ने बताया कि उसके परिवार का कोई आय का साधना नहीं है और भूमिहीन होने के कारण पीड़ित बी पी एल कार्ड धारक है सरकार ने उसे आवास दिया है उसी में शबीना का परिवार अपना गुजारा करता है।



3आंगनबाड़ी की भर्ती में योग्यता बारहवीं पास मांगी गई है जिसमें 80 प्रतिशत अंक हैं। जिसके तहत पीड़ित पूर्ण रूप से पात्र होते हुए भी आय प्रमाण पत्र के अनुसार उसे अपात्र घोषित कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर लेखपाल अमित सक्सेना पर आरोप है कि इसरार अहमद ने लेखपाल से मिलकर फर्जी आय प्रमाण पत्र बनवाकर उसकी पत्नी शबनम ने नौकरी हासिल की है। जबकि पीड़ित के अनुसार शबनम के पति इंटर कॉलेज में अध्यापक हैं और कृषि भूमि और गांव में पक्के मकान के मालिक हैं जिसमें परिवार सहित रहते हैं, जिसके फोटो और अन्य सबूत पीड़ित शबीना पर मौजूद हैं, इस मामले पर उपजिलाधिरी आंवला एन० राम से बातया कि मामले की जांच की जा रही है, जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने (नीट) परीक्षा-2025 को कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रो का किया निरीक्षण



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा-2025 को सकुशल और शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रो का निरिक्षण किया।
जनपद बरेली में 23 परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा आयोजित की गयी ।

जिलाधिकारी ने परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों यथा मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, सी. बी. गंज इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज जाकर व्यवस्थाओ का जायजा लिया।

निरिक्षण के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित होती पायी गयी। परीक्षा केन्द्रो पर बनाये गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि के माध्यम से परीक्षा कक्षों का भी जायजा लिया गया, समस्त कैमरे संचालित अवस्था में पाए गए।

निरिक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि परीक्षा हेतु निर्धारित नियमों का उचित प्रकार से अनुपालन किया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इस दृष्टि से भी व्यवस्थाओ को परखा कि परीक्षा केंद्र तक आने - जाने में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है साथ ही उर्स के दृष्टिगत ट्रैफिक व्यवस्थाएं किस प्रकार की है।

## अब जुलाई से बंद होगा बाकरगंज में कूड़ा डंपिंग

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली। बाकरगंज में कूड़े के पहाड़ को समाप्त करने के लिए करीब 50 साल से प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन कई करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद पहाड़ बढ़ता ही गया। अब सथरापुर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट शुरू होने के साथ ही कूड़े का पहाड़ भी समाप्त होने की उम्मीद जगी है। नगर निगम के अफसरों का दावा है कि जुलाई से बाकरगंज में शहर का कूड़ा नहीं गिराया जाएगा। यहां पर नया प्रोजेक्ट लगाने की योजना बनाई जाएगी।

बाकरगंज में करीब 40 हजार की आबादी कई साल से कूड़े पहाड़ की समस्या से जूझ रही है और गंदगी से परेशान है। स्मार्ट सिटी के तहत शहर के विकास पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कई बार शिकायत नगर निगम के अफसरों से की गई लेकिन समस्या का निदान नहीं हो सका है। इस वजह प्लांट से जितना कूड़ा खत्म होता है, उससे दोगुना बढ़ जाता है। अब लोगों को आस जगी है कि नया प्लांट चालू होने से यहां कूड़ा आना बंद हो जाएगा तो समस्या का निदान हो सकता है।

## हृदय बिदारक, एक साथ जली तीन बच्चों की चिताएं

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली । शाही में बरात चढ़ाकर बैंड की ठेली ले जा रहे तीन किशोरों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई व दो अन्य गंभीर घायल हुए हैं।

शाही थाना क्षेत्र के बकैनियां वीरपुर के रहने वाले बैंड मलिक हरिओम वर्मा का शिवा बैंड नाम से धनेटा शीशगढ़ रोड पर आनंदपुर गांव के बस अड्डे पर है। शनिवार की रात फिदाईपुर गांव से बरात चढ़ाकर बैंड की ठेली और जनरेटर को वापस आनंदपुर में दुकान पर करीब आठ-दस किशोर अन्य लोगों के साथ ले जा रहे थे। रात्रि करीब डेढ़ बजे धनेटा शीशगढ़ रोड पर आनंदपुर गांव के नजदीक ही पीछे से मिजार्पुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से बैंड की ठेली में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ठेली व जनरेटर को ले जा रहे किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें बकैनिया वीरपुर के रहने वाले बैंड मलिक

# रोडवेज में डिपो प्रभारी पद के लिए हुई भर्ती, दो बनेंगे सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद।उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में पहली बार सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर आउटसोर्सिंग से भर्ती हुई है। मुख्यालय से दो लोगों को मंडलीय कार्यालय पर डिपो इंचार्ज का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनको डिपो, वर्कशाप, बसों की समय सारिणी के बारे में 21 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके बाद मुख्यालय से डिपो में तैनाती होगी।



**सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर होगी तैनाती**

क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम लखनऊ मुख्यालय से दो लोगों को डिपो प्रभारी व इंचार्ज के रूप में भेजा गया है। मुख्यालय के निर्देश पर नीरज कुमार को पीतलनगरी डिपो पर और सत्यम सिसोदिया को बिजनौर डिपो पर डिपो प्रभारी के कार्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दोनों की भर्ती आउटसोर्सिंग से हुई है। इन्हें 21 दिन का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसके बाद मुख्यालय इन्हें डिपो प्रभारी के पद पर या सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर तैनाती देगा।

**लंबे समय से पद पड़ा था रिक्त**

उन्होंने बताया की पीतलनगरी और मुरादाबाद डिपो पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक का पद खाली है। पीतलनगरी डिपो पर काफी लंबे समय से ट्रैफिक सुप्रिंटेंडेंट प्रेम सिंह कार्यभार संभाल रहे थे। मुरादाबाद डिपो सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के पर टीएस राजवती कार्य कर रही हैं। पूरे प्रदेश में 57 लोगों की आउटसोर्सिंग से भर्ती हुई है।

# मानदेय की मांग को लेकर आशाओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**एनपीटी ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी पर मानदेय रोकने का आरोप लगाते हुए आशाओं ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा।शनिवार को शाहबाद के तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को आशाओं ने ज्ञापन सौंपकर मानदेय दिलाए जाने की मांग की। आशाओं का आरोप है कि वेतन डालने के लिए सीएचसी कर्मचारी द्वारा पैसे मांगे जा रहे है। इस दौरान क्षेत्र की समस्त आशाएं मौजूद रहीं।



एफ.ए.एम.एस. की जो साइड है वो नही चल पा रही है जिस कारण पूरे ज़िले मे आशाओं का मानदेय नहीं हो पा रहा है 1 तारीख को आशाओं का मानदेय खाते में डाल दिया जाता है इस बार साइड बंद होने के कारण 4 दिन मानदेय लेट हो गया है साइड चलते ही आशाओं का मानदेय खाते में डाल दिया जाएगा।

**चिकित्सा अधीक्षक**
**मोहित रस्तोगी**

# आरटीओ नहीं प्राईवेट फिटनेस प्वाइंट पर होगी वाहनों की जांच, बढ़ाया जाएगा किराया भी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद।आरटीओ कार्यालय में होने वाला फिटनेस का काम अब प्राइवेट हाथों में चला गया है। इसके चलते वाहन चालकों को बढ़ा हुआ किराया देना होगा। संभल रोड पर बने प्राइवेट फिटनेस प्वाइंट पर वाहनों की फिटनेस चेक की जाएगी।



उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में अब वाहनों की फिटनेस नहीं होगी। सरकार ने इसे निजी हाथों में दे दिया है। अब परिवहन विभाग की बजाय वाहनों की फिटनेस का कार्य प्राइवेट एजेंसी द्वारा किया जाएगा। संभल रोड पर बने प्राइवेट फिटनेस प्वाइंट पर वाहनों की फिटनेस चेक की जाएगी। परिवहन विभाग में शनिवार को मुख्यालय से वाहनों की फिटनेस की वेबसाइट बंद कर दी गई

**बढ़ी हुई फीस पर होगी वाहनों की फिटनेस**

संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि अब परिवहन विभाग में वाहनों का फिटनेस कार्य नहीं होगा। अब छोटे बड़े, घरेलू और व्यवसायिक वाहनों की संभल मार्ग पर कोहली इंटर प्राइजेज कंपनी के द्वारा फिटनेस जांच की जाएगी।

उन्होंने बताया पहले फिटनेस की फीस बड़े वाहनों के लिए 800 और छोटे वाहनों के लिए 600 रुपए थी। लेकिन अब फिटनेस प्वाइंट पर फीस बढ़ जायेगी।

# +रघुवर सोसायटी वेलफेयर कॉलोनी मांझा बरहटा अयोध्या के नागरिकों ने महापौर को दिया ज्ञापन।



अयोध्या। रघुबर सोसायटी वेलफेयर कॉलोनी मांझा बरहटा के लगभग दो दर्जन नागरिकों ने अयोध्या नागरिक मंच के संयोजक एस0 एन0 बागी के नेतृत्व में आज नगर निगम अयोध्या के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी से उनके आवास पर मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में नागरिकों ने मांग की है कि आठ साल पहले बनी उक्त आवासीय कॉलोनी में अभी तक नगर निगम ने सड़क,नाली,मार्ग प्रकाश,सीवर लाइन व पेयजल की कोई सुविधा मुहैया नहीं कराई है जबकि इस कॉलोनी में लगभग 80 घर बने हुए हैं ।कॉलोनी निवासियों को बरसात के दिनों में सड़कें न होने के कारण आने-जाने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ रहीं हैं। मार्ग प्रकाश न होने से जहरीले जीव- जंतुओं का खतरा बना रहता है। सीवर लाइन न पड़ी होने के कारण मल-मूत्र उफना कर सड़कों पर बह रहा है। शुद्ध पेयजल के लिए एक भी हैंडपम्प या स्टैंड पोस्ट इस कॉलोनी में अब तक नहीं लगाया गया है। नागरिकों ने ज्ञापन देकर महापौर से कॉलोनी का स्वयं निरीक्षण करने व सभी आवश्यक सुविधाएं नागरिकों को मुहैया कराने की मांग की है। महापौर ने जल निगम, विकास प्राधिकरण व नगर निगम के अधिकारियों से दूरभाष के जरिए वार्ता करके सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या कराने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में उमेश चंद्र मिश्र कामरेड यशोदा सिंह, श्रीमती निशा, श्वेता वर्मा, संतोष कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, वी डी शर्मा,कुसुम देवी, चंद्र प्रकाश, रेनू गुप्ता, पूनम देवी, राम भवन मौर्य,संजू देवी,वंदन सिंह, शंकर मिश्रा, जितेंद्र कुमार व संतोष गुप्ता सहित अन्य लोक शामिल रहे।

# शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**एनपीटी ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए रविवार को शाहबाद के रामपुर चौराहे पर शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आतंकवाद का पुतला फूंका।



इस दौरान आतंकवाद हाय हाय के नारे लगाए गए। अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन हस्सानी, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, सचिव शावेज छोटे, सचिव वीरेंद्र सिंह, नेहा गुप्ता, फहीम आतिश, जहीर खा, इरफान मलिक, फैजी खा, जिक्रा जाकिर, धर्मेंद्र सागर आदि रहे।

# शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक का हुआ आयोजन



**एनपीटी ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। रविवार को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आफताब ने की। बैठक के दौरान कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। संगठन से जुड़े आगे के कार्यक्रमों और संगठन की मजबूत करने के लिए समन्वय समिति का गठन किया गया। कमेटी में संरक्षक सखावत अली के साथ साथ राजीव भटनागर को चेयरमैन, विनोद गुप्ता को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया। समन्वय समिति में उपाध्यक्ष शराफत हुसैन हस्सानी, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश शंकर, सचिव शावेज छोटे, फहीम आतिश, अब्यज कासिम को रखा गया। संगठन की मासिक बैठक में यह भी तय किया गया कि शाहबाद के साथ साथ अन्य जगहों के पत्रकारों को भी संगठन में शामिल किया जाएगा। संगठन का मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सागर व कार्यालय प्रभारी शान मोहम्मद को बनाया गया। मासिक बैठक में संगठन में शामिल हुए फैजी खा का स्वागत किया गया। बैठक में महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन हस्सानी, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, सचिव शावेज छोटे, सचिव वीरेंद्र सिंह, नेहा गुप्ता, फहीम आतिश, जहीर खा, इरफान मलिक, फैजी खा, जिक्रा जाकिर, धर्मेंद्र सागर आदि शामिल रहे।

# राकेश टिकैत पर हुए हमले की निंदा, शाहबाद से मुजफ्फरनगर पहुंचे दर्जनों किसान



**एनपीटी ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के रामपुर जिला अध्यक्ष जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल के निर्देश पर रामपुर युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव शाहाबाद से कई गाड़ियों से अपने काफिले के साथ मुजफ्फरनगर जीआईसी ग्राउंड पहुंचे। युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता और किसानों के मसीहा चौधरी राकेश टिकैत पर जो हमला हुआ है हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। पूरा संगठन राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों का इंतेजार कर रहा है।आपको बताते चलें कि मुजफ्फरनगर में किसानों के मसीहा चौधरी राकेश टिकैत पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए रैली में शामिल हुए थे रैली के दौरान राकेश टिकैत पर कुछ लोगों के द्वारा हमला किया गया था, जिसमें उनकी पगड़ी तक गिर गई थी। जिसको लेकर भाकियू टिकैत के संगठन में रोष है। मुजफ्फरनगर जाने वालों में युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, चौधरी सुनील कुमार सिंह प्रमुख सचिव पश्चिम उत्तर प्रदेश, खुशीराम यादव ब्लॉक अध्यक्ष, चौधरी सुंदर सिंह तहसील अध्यक्ष, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव, युवा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव , वरिष्ठ कार्यकर्ता चौधरी सतवीर सिंह, तेजपाल सिंह, किशन लाल, राहुल यादव, हर्ष यादव, राजकुमार, बन्नू सिंह आदि रहे।

# फंदे से लटकी मिली विवाहिता परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा। थाना सदर बाजार के अंतर्गत ओमनगर कॉलोनी निवासी नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वह फांसी के फंदे पर लटकी मिली। इसकी मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है। ओमनगर कॉलोनी, औरंगाबाद निवासी आकाश की पत्नी ज्योति (21) की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। वह गले में फंदा लगाये लटकी मिली। इसकी जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाई। टीम ने जांच को नमूने लिये। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। बेटी की मौत की सूचना मिलने पर मायके वाले मथुरा आ गये। प्रभारी निरीक्षक सदर विदेश कुमार ने बताया कि मृतका के पिता बिधूरी, सादाबाद निवासी दिनेश शर्मा ने थाने में दामाद आकाश समेत तीन ससुरालियों के खिलाफ अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। आरोप लगाया कि उसने अपनी बेटी ज्योति की शादी करीब ढाई माह पूर्व 14 फरवरी को ओम नगर कॉलोनी निवासी आकाश के साथ की थी लेकिन शादी के बाद से ही बेटी का अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर उत्पीड़न किया जा रहा था।



शुक्रवार रात मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश कर रही है। ट्यूशन पढ़ाता है आकाश पुलिस के अनुसार मृतका का पति आकाश पढ़ा लिखा है। वह फिलहाल ट्यूशन पढ़ाता है। पिता ड्राइविंग करते हैं, जबकि मां गृहणी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आकाश मूल रूप से फतेहाबाद, आगरा का रहने वाला बताया है, जो यहां ओमनगर कॉलोनी में रहता है।

# विद्यालय से लौट रही छात्रा से की अश्लील हरकतें

मथुरा। सुरीर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 9 की छात्रा से विद्यालय से घर लौटते समय एक गाड़ी के चालक ने अश्लील हरकतें कीं। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। 14 वर्षीय किशोरी समीपवर्ती गांव के विद्यालय की छात्रा है। दो दिन पूर्व वह विद्यालय की छुट्टी होने के बाद गांव जाने के लिए विद्यालय के समीप खड़ी थी। तभी एक कार सवार युवक आया और उसे अपनी कार में बिठा लिया। अन्य छात्र-छात्राओं को गंतव्य तक छोड़ने के बाद किशोरी से अश्लील हरकतें कीं। घर पहुंची किशोरी ने मामले की जानकारी परिजन को दी। सुरीर कोतवाली पहुंचे परिजन व किशोरी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# नगर निगम के गोदाम में लगी भीषण आग

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र में गुलाब बड़ी छोटी मंडी में नगर निगम का पुराने कबाड़ का एमआरएफ केंद्र बना हुआ है इस गोदाम में आसपास का कूड़ा कबाड़ आता है। यहां से छटनी के बाद गुलाब बाड़ी केंद्र जाता है। रविवार सुबह करीब 7:30 बजे गोदाम में अचानक आग लग गई। आग की लपटे उठता देख लोगों ने पहले खुद आग पर काबू पाने की कोशिश की इसके बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस को घटना की सूचना दी गई। कटघर थाने से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और गोदाम में लगी आग को काबू किया। दमकल कर्मचारियों शिव कुमार का कहना है आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। तत्काल मौके पर एक गाड़ी के साथ पहुंच कर आग पर 10 मिनट में पूरी तरह से काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं लग पाया है। प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट इसकी वजह हो सकती है।



# नशे का कारोबार करने वालों का करेंगे सामाजिक बहिष्कार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सहारनपुर, गंगोह। गांव लखनौती में ग्रामीणों ने नशे का काला कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने पंचायत आयोजित कर ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की शपथ ली ली गई और प्रस्ताव पास किया गया।

गांव लखनौती के ग्रामीण पिछले कुछ दिनों से नशा बेच रहे और नशा कर रहे लोगों से बेहद परेशान है।



इससे आहत होकर ग्रामीणों ने रविवार को शिव मंदिर में पंचायत का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पांच बिंदुओं पर प्रस्ताव पास किए। जिसमें नशे का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने को निर्णय लिया गया। रोक के बावजूद यदि कोई व्यक्ति बार बार नशे के इस अवैध काम में संलिप्त पाया गया तो उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। यदि नशे की हालत में कोई व्यक्ति अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता है तो उसे पुलिस के हवाले किया जाएगा।

ऐसे लोगों के खिलाफ ग्रामीणों ने हाथ उठाकर कानूनी कार्रवाई कराने की शपथ ली। नीरज रोहिला, रमेश चंद, विजेंद्र सिंह, प्रदीप सैनी, विजय कुमार, राजीव उपाध्याय, नीरज भारती, हरि सिंह, प्रकाश, राकेश, आमिर खान, जुबेर कुरैशी, रजत रोहिला, राकेश कुमार, सोनू पाल, संदीप पाल, जसवीर, सतीश कश्यप, सुमित कश्यप, सनी कश्यप, बबलू कुरैशी, शिवम पाल आदि मौजूद रहे।

# जाति जनगणना को लेकर कांग्रेसियों ने निकाली आभार यात्रा,बैनर लगाकर कहा धन्यवाद राहुल गांधी



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
ललितपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के जिला ललितपुर में जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में जाति जनगणना कराये जाने के लिए केन्द्र सरकार के स्वीकृति देने पर आभार यात्रा निकाली गयी। ज्ञात हो कि प्रतिपक्ष नेता लोकसभा राहुल गांधी द्वारा विगत कई वर्षों से जाति जनगणना की मांग की जाती रही है। उन्होंने गांव-गांव जाकर दलित, पिछड़ों की हालत को बड़ी नजदीकी से देखा और कांग्रेस पार्टी ने अपने एजेण्डे में भी जाति जनगणना को शामिल किया और निरंतन लोकसभा में भी जाति जनगणना की आवाज उठाते रहे। इस मांग को लेकर मजबूर होकर केन्द्र सरकार जाति जनगणना कराने को तैयार हो गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि अभी भी सरकार जाति जनगणना के साथ मनमानी कर सकती है। जाति जन जनगणना का ड्राफ्ट सर्वदलीय एवं तेलंगाना राज्य की भांति बनाकर दलित-पिछड़ों को लाभ दिया जाये। इस मौके पर कम्पनी बाग में बैठक की गयी। बैठक में सभी लोगों ने राहुल गांधी को धन्यवाद दिया। बैठक के अंत में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री गिरजा व्यास के आकस्मिक निधन पर कांग्रेसियों ने गहरा दुख व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, पंकज हुण्डैत, मोहनलाल चंदेल, विजयती राही, नीरज पाराशर, गजेन्द्र सिंह बुन्देला, राकेश रजक, शशिकांत दीक्षित, दीपक रैकवार, बृजेश शाण्डिल्य, जगभान कुशवाहा, दीपक जैन, संजीव चौरसिया, संदीप राजपूत, रवि राजपूत, जगन्नाथ झां, सीताराम राय, समरथ कुशवाहा, रतीराम कुशवाहा एड., हरदेव लोधी, राकेश सेन, गोलू राजा, मुन्नालाल चंदेल, मानसिंह, दीपक बौद्ध, करन सिंह, भैय्यन, रामभरोसे, दीवान पुष्पेन्द्र सिंह, रामअवतार राजपूत, ऊदल सिंह चंदेल, डा.रामसिंह यादव, असलम खां, गनेश प्रसाद, रफीक आदि मौजूद रहे। बैठक का कुशल संचालन पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने किया।

# आम आदमी पार्टी ने किया स्वागत सम्मान

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
ललितपुर। आम आदमी पाटी के जिला मंत्री रमेश कुमार झा को झा समाज जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर कचहरी प्रांगण में आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने अपनी सभी पार्टी कार्यकताओं के साथ एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ सेवानिवृत्त स्टेशन मास्टर रमेश कुमार झा को निर्विरोध झा समाज का जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह, सीनियर क्लर्क जगदीश झा, दिनेश कुमार शर्मा, महेन्द्र कुमार पाराशर एड., गनेशराम रजक, कैलाश नारायण झा एड., दीपक एड., जानकी प्रसाद एड., शशिकांत राजपूत एड., रानू विदुआ एड., प्रमोद कुमार नामदेव एड., हरेन्द्र कुमार झा एड., अरूण कुमार राजपूत एड., रानी विदुआ एड., गजराम राजपूत एड., आनन्द सिंह एड., भूपेन्द्र सिंह यादव एड., हरगोविन्द एवं बलराम झा, महेन्द्र झा, रामनाथ झा, दाताराम झा, संजय कुमार चौधरी मौजूद रहे।

# पांच मई तक मौसम खराब रहने के आसार, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज एलर्ट

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
ललितपुर। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवरास्तव ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जानकारी दी गई है कि भारत सरकर पृथ्वी विज्ञान मंत्रलय भारत मौसम विज्ञान विभाग मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ द्वारा 2 से 5 मई 2025 तक चेतावनी जारी की गई है जिसमें मेघ गर्जन और बज्रपात और ताडित झंझावत झौंकेदार हवाओं के प्रभाव आधारित वर्षा का पूर्व अनुमान हैं, जिसमें कुछ स्थानों पर वर्षा गरज चमक के साथ बौछारें पडते के साथ तेज सतई हवा चलने की संभावना है जिसमें जनपद को मौसम

विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा आम जनता से अपील की जा रही है कि तीन दिवस सतर्क रहे, घर के अंदर रहे, खिडकियां और दरवाजे बंद कर रखें और अगर संभव हो तो यात्रा ना करें। बिजली और इलेक्टॉनिक उपकरणों का उपयोग ना करें, वाहन चलाते समय सावधानी रखें सुरक्षित आश्रय लें, पेड़ों के नीचे आश्रय ना लें, कंक्रीट के फर्श पर ना लेटे, कंक्रीट की दीवारों से न टिके, जल स्रोतों से तुरंत बाहर निकले और बिजली का संचालन करने वाली सभी वास्तुओं से दुर रहें। इसके साथ ही खुले स्थान पर लोगों, मवेशियों और वन्य जीवों को सुरक्षित स्थान पर रखें, विद्युत व्यवस्था में व्यवधान भी हो सकता है, यातायत प्रवाह में व्यवधान हो सकता है, प्रॉपर्टी को नुकसान भी हो सकता है, फसलों को भी नुकसान हो सकता है एतह आप सभी अपने घरों में ही रहे और सुरक्षित रहें।

# श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर का इतिहास है गौरवशाली: मलूक पीठाधीश्वर

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
। शहर के मोहल्ला तालाबपुरा स्थित श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर पर मलूक पीठाधीश्वर डॉ. राजेन्द्र दास महाराज देवाचार्य द्वारा शनिवार को मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिये भूमि पूजन वैदिक विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन के कार्यक्रम के पूर्व हवन, शिला पूजन कार्यक्रम मलूक पीठाधीश्वर देवाचार्य द्वारा किया गया। जिसमें नींव के अन्दर शिलायें वृन्दावन से आये पं. विष्णुकांत शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित की गयीं। कार्यक्रम में किशोर देव महाराज, रामबालक दास महाराज साडूमल, महंत गंगादास महाराज, ओमप्रकाश शास्त्री, पवन शास्त्री, कमलेश शास्त्री, राज्यमन्त्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, अनुराधा शर्मा, रमेश लोधी, प्रदीप चौबे, सुभाष जायसवाल, आदित्यनारायण बवेले, रामेश्वर सडैया, बीके सरदार, अजय तिवारी नीलू, शशि राजा, हरिश्चन्द्र रावत, अशोक गोस्वामी, भगवत नारायण वाजपेयी, बालकृष्ण नायक, रमेश रावत, गोविंद रावत, कमलापत रिछारिया, विलाश पटैरिया, सुधांशु शेखर हुण्डैत, रमेश पाठक, राजीव कुमार बवेले, गिरीश पाठक, धर्मेन्द्र रावत, विवेक सबैया, हृदेश हुण्डैत, हरीशंकर साहू, राजेन्द्र वाजपेयी, निखिल तिवारी, बब्बू राजा बुंदेला, महेश श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, मनीष अग्रवाल, वीरेन्द्र पुरोहित, संजय ड्योडिया, डॉ. दीपक चौबे, राव राजा, देवेन्द्र देवेन्द्र चतुवेर्दी, विष्णु अग्रवाल, नरेश शेखावत, बृजेश चतुवेर्दी, शरद खैरा, संतोष चौबे, सुबोध गोस्वामी, मनोज चतुवेर्दी टेडे महाराज, नरेश विदुआ, प्रभाकर शर्मा, दिवाकर शर्मा, ओमप्रकाश रिछारिया, नवल किशोर सोनी, भरत रिछारिया, हरीबाबू शर्मा, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद संज्ञा रज्जन चौबे आशू चतुवेर्दी विशाल संज्ञा अनिल गिरी अमित राठौर पंकज कुमार रायकवार आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# यूपी में बड़ा हादसा : ललितपुर में मिट्टी की खदान धसकने से दो लोगों की मौत, कई अन्य के दबे होने की आशंका

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
ललितपुर- आशंका जाहिर की जा रही है कि मिट्टी के नीचे अभी और भी मजदूर दबे हैं। पुली ग्रामीणों के साथ मिट्टी को हटाकर उसके नीचे मजदूरों को तलाश करने में जुटी है। वहीं दोनों मृत युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

यूपी के ललितपुर स्थित तालबेहट कोतवाली अंतर्गत ग्राम बिगारी में सिद्ध बाबा मंदिर के पास मिट्टी खोदते समय मिट्टी गिरने दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के बाद सीओ अभय नारायण राय और प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी मौके पर गए। बाद में मौके पर जुटे लोगों ने दोनों मृतकों के शव को निकाल कर परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

रविवार को रात में ग्राम सभा बिगारी में सुंदरवन सिद्ध बाबा मंदिर टौरिया के समीप एक खनन कारोबारी के लिए गनेशपुरा खांदी निवासी अमर सिंह (20) पुत्र गोविंदास और नरेश (23) पुत्र प्रागी अन्य साथियों के साथ मिट्टी खुदाई का काम कर रहे थे। तभी अचानक ऊपर से मिट्टी उनके ऊपर गिरी। जिसके नीचे दब जाने से दोनों की मौत हो गई।

मजदूरों के मिट्टी में दबे होने सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत बचाव कार्य शुरू किया। जिसमें अमर और नरेश के शव बाहर निकाले। रात में अंधेरा और घना जंगल होने के कारण पुलिस को शवों को मिट्टी से बाहर निकालने में परेशानी उठानी पड़ी।

आशंका जाहिर की जा रही है कि मिट्टी के नीचे अभी और भी मजदूर दबे हैं। पुली ग्रामीणों के साथ मिट्टी को हटाकर उसके नीचे मजदूरों को तलाश करने में जुटी है। वहीं दोनों मृत युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गांव के लोगों द्वारा बताया गया कि बताया कि घटना के बाद खनन माफिया ट्रैक्टर लेकर भाग गया।

मिट्टी गिरने से दो लोगों के मरने की जानकारी है। सूचना पर प्रभारी तहसीलदार रवींद्र कुमार को मौके पर भेजा गया है।

**– भूपेंद्र सिंह, एसडीएम ताल**

# पांसे को संगठन प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकताओं उत्साह

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**
बैतूल - जिले के युवातुर्क एवं सरल सहज व्यक्तित्व के धनी पूर्व केबिनेट मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री सुखदेव पांसे को प्रदेश कार्यालय में संगठन का प्रभारी बनाए जाने पर पूर्व मंत्री प्रताप सिंह , डा. महेश पाटनकर , दिनेश गोयल,सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष भोला कांति , नगर परिषद घोड़ाडोंगरी उपाध्याय सोनू खनूजा , नगर पालिका आमला उपाध्यक्ष दिलिप माथनकर , नगर पालिका मुलताई पूर्व अध्यक्ष संजय



यादव , पूर्व नगर पालिका आमला अध्यक्ष सुभाष देशमुख, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव भूषण कांति , जिला प्रवक्ता मोनूबाघ , आई टी प्रकोष्ठ जिलाअध्यक्ष अतुल शर्मा , पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुड्डु मानकर , तिरुपति एरुलू , नेहरु सिंह राजपूत , भगवान जावरे, सुनील भलावी, नेरन्द्र वाडिवा, राजेश सराठे , इलयास भाई , सुरेश पण्डया , बनवारी अकोले , अमरीश भाई , मोरु विश्वास , नितयी मण्डल , ओम प्रकाश कवड़कर , आशीष मालवीय , धर्मेन्द्र शुक्ला , पहलवान सिंह , अमित तिवारी , दिलिप यादव , सीटू गुप्ता , अनिल भुसारी , रुपेश आर्य , राहुल इवने , मुन्ना यादव , कमल आर्य , राजकुमार रायपुरे , सुभाष यादव, रिषी दिक्षित ,राजकुमार मालवीय ,



राजकुमार मर्सकोले , अजय टण्डन , जितेन्द्र इवने , रोशन यादव , नीरज राठौर , मनीष मालवीय , बालू मिश्रा , तरुण गुप्ता , राम रतन बारसे , शैलेश गुबरेले , वसीम भाई , सत्तार अली , शांति पाल , ताहिर भाई , मानिक घोटे , गोविन्दा एरुलू , सोमेश त्रिवेदी , प्रणय पाठक , मनीराम यादव , कौसल बावसे , मनोज घोटे , रत्नेश देशमुख , अजीज भाई , राजू माने ,महेश उइके , सुरका सिंग , दामजी उइके ,तोप पटेल , सुधीर आर्य , नितेश साहू , सुमित शिवहरे , भोला गोरसकर , सरदार दुबे , हेमन्त घोटे, पप्पू यादव नितिन उपाध्याय , ललित यादव , रामदीन हनोते , संजू वट्टी , रामदीन यादव , अमित थारवानी , ज्ञानेश्वर गावंडे, गोलू पटेल ,उमेश चौहान आदि सैकड़ों कांग्रेस जनों ने बधाई दी

# बैतूल में अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान, 300 दुकानों से हटाया गया अवैध कब्जा

बैतूल। बैतूल में नगर पालिका, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में बस स्टैंड से लल्ली चौक तक 300 दुकानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। टीन शेड, चबूतरे और सीढ़ियां जेसीबी से ढहाई गईं। यह अभियान शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है।

शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को एक बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यह अभियान शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों बस स्टैंड से लेकर लल्ली चौक और मुर्गी चौक रोड तक चलाया गया। यहां सड़कों और फुटपाथ पर किए गए अवैध निमार्णों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। अभियान के दौरान लगभग 300 दुकानों के सामने से अवैध रूप से बनाए गए टीन शेड, चबूतरे और सीढ़ियां हटाई गईं। इस कार्रवाई में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश मटसेनिया ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन पर लगातार अतिक्रमण की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। लोगों ने शिकायत की थी कि दुकानों और ठेलों के माध्यम से अस्थाई निर्माण कर मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे आम लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी और अन्य विभागों की टीमों ने इस अभियान को अंजाम दिया।

सीएमओ मटसेनिया ने बताया, यह कार्रवाई प्रशासन के अभियान की सिर्फ एक शुरूआत है। भविष्य में भी ऐसे ही सघन अभियान चलाए जाएंगे, ताकि शहर को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाया जा सके। इस कार्रवाई से कुछ दुकानदारों में नाराजगी जरूर देखी गई, लेकिन प्रशासन का कहना है कि यह कदम जनहित और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक है।अधिकारियों ने आम नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण करने से बचें, अन्यथा भविष्य में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शादी की खुशियों में छाया मातम, दूल्हे को मंदिर ले जाते समय गिरे फूफा, हार्ट अटैक से मौत की आशंका

बैतूल। रस्म के दौरान जब वे दूल्हे को बाइक से मंदिर ले जा रहे थे, तभी उन्हें चक्कर आया और वे गिर पड़े। नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, उनकी तबीयत पहले बिल्कुल ठीक थी और वे शादी की तैयारियों में पूरे जोश से लगे हुए थे।
मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के सारनी थाना क्षेत्र में स्थित शोभापुर कॉलोनी में एक विवाह समारोह के दौरान एक दुखद घटना घटित हुई। अपने भतीजे की शादी में शामिल होने आए 54 वर्षीय बसंत विश्वकर्मा की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उनकी मौत साइलेंट हार्ट अटैक के कारण हुई।
बसंत विश्वकर्मा छिंदवाड़ा जिले के सारना गांव के निवासी थे और खासतौर पर अपने भतीजे विवेक की शादी में शामिल होने के लिए बैतूल आए थे। शादी की एक अहम रस्म के तहत वे दूल्हे को बाइक से मंदिर ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उन्हें अचानक चक्कर आया और वे बाइक से गिर पड़े। पास में मौजूद परिजनों ने बिना देर किए उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार बसंत विश्वकर्मा पूरी लगन और उत्साह से शादी की तैयारियों में जुटे हुए थे। उन्हें किसी तरह की तबीयत खराबी की कोई शिकायत नहीं थी, लेकिन यह हादसा पूरी तरह से अप्रत्याशित रहा। उनके भाई कैलाश विश्वकर्मा ने बताया कि डॉक्टरों ने हार्ट अटैक को मौत का संभावित कारण बताया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद शादी का माहौल पूरी तरह बदल गया।

# न्यू रायल इन्टरनेशलन पब्लिक स्कूल बरैनिया की मान्यता पर मडरा रहा खतरा

## लग रहे गंभीर आरोप, भूमि एवं भवन का रजिस्टर्ड किरायानामा ना होने की हुई है शिकायत

**नेशनल प्रेस टाइम्स**
सिंगरौली। सिंगरौली जिले के विकासखंड देवसर अंतर्गत ग्राम बरैनिया में संचालित न्यू रायल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की मान्यता पर अब खतरा मडरा रहा है,देवसर निवासी श्रीपाल गुप्ता ने विद्यालय संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर सहित तमाम जगह शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि विद्यालय का संचालन नियम विरुद्ध हो रहा है सरकार की गाइडलाइन का बिल्कुल भी पालन नहीं किया जा रहा है ऐसी स्थिति में, विद्यालय की नवीन मान्यता देना उचित नहीं है।

शिकायतकर्ता के अनुसार ग्राम बरगवां (बरैनिया) मे निजी विद्यालय न्यू रायल इन्टरनेशलन पब्लिक स्कूल



डायस कोड-23500215505 का संचालन पिछले 3 वर्षों से बरैनिया के राजस्व गाँव में होता था जिसका नवीनीकरण मान्यता हेतु ग्राम बडोखर में संलग्न दस्तावेज में कई त्रुटियां हैं।

ये लग रहे आरोप- शिकायतकर्ता के अनुसार राजस्व ग्राम बडोखर के जिस भवन में विद्यालय चल रही है उसका रजिस्टर्ड किराया नामा नही है। तथा जिस भूमि का दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उस जमीन पर विद्यालय का भवन निर्मित नही है। किसी अन्य खसरा नम्बर में भवन अन्य मालिक का है, उसमें विद्यालय संचालित है। इसके अलावा जिस भूमि का दस्तावेज लगाया गया है उसका न तो नक्शा तर्मीम है। नही सीमांकन है न ही व्यवसायिक डायवर्सन है। और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत जमीन की अनीवार्यता मापदंण्डो को पूरा नही कर पा रही है। कक्षा 10वी तक संचालन के लिये पर्याप्त भूमि नहीं है।

# जयंत एवं दुद्धिचूआ परियोजना विस्तार हेतु निगम के वार्ड में स्थित पर संपत्तियां कि सर्वेक्षण हेतु नगर निगम आयुक्त ने दल किया गठित

सिंगरौली। नगर पालिक निगम सिंगरौली क्षेत्र अंतर्गत में एनसीएल जयंत एवं दुद्धिचूआ विस्तार परियोजना हेतु ग्राम पजरेह झींगुरदा, मेढ़उली का अधिग्रहण भारत सरकार द्वारा किया जा चुका है उक्त भूमि पर स्थित निगम के परसंपत्तियां के सर्वेक्षण हेतु नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा दल गठित कर संपत्तियों का सर्वेक्षण करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। निगमयुक्त के द्वारा वार्ड क्रमांक 3, 4 तथा 8 में स्थित पर संपत्तियां की सर्वेक्षण हेतु सहायक यंत्री अभय राज सिंह दिनेश सोलंकी राजस्व निरीक्षक रण बहादुर सिंह वार्ड प्रभारी कल्लू सिंह तथा प्रदीप सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं वार्ड क्रमांक क्रमांक 5 एवं 7 में स्थित निगम की परसंपत्तियों के सर्वेक्षण हेतु



सहायक यंत्री आलोक टीरु उपयंत्री विपिन तिवारी, दीपक कंवर वार्ड प्रभारी फुलेश्वर सिंह रामदास पांडे एवं के . के ठाकुर को नियुक्त किया गया है। नगर निगम आयुक्त के द्वारा वार्ड 9 एवं 10 के लिए सहायक यंत्री डीके सिंह, उप यंत्री अनुज सिंह, विष्णु पाल सिंह वार्ड प्रभारी जगजीवन सिंह तथा सेत राम को पर संपत्तियों की सर्वेक्षण हेतु जिम्मेदारी सौंप गई है। निगम इतने निगम के वार्ड क्रमांक 3, 4, 5, 7 ,8 ,9 तथा 10 में स्थित संपत्तियों के सर्वेक्षण हेतु सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी उपयंत्री विशाल खत्री विद्युत कर शंभू लाल पनिका का संत राम का तथा विनोद पांडे को सर्वेक्षण हेतु निर्देशित किया गया है।

निगम युक्त श्री शर्मा के द्वारा उपरोक्त दल में संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है की अधिग्रहित भूमि पर स्थित निगम की पीसीसी सड़क सड़क नाली पार्क हैंड पंप जल प्रदाय लाइन सामुदायिक भवन ओवरहेड ३ल्ल' जिसका निर्माण कार्य निगम द्वारा कराया गया है उनका सर्वेक्षण कर एक सप्ताह के अंदर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# 15 साल बाद राजस्थान में फिर शुरू हुआ एनटीटी कोर्स :नई शिक्षा निति में मिलेगे सरकारी नौकरी के बेहत्तर अवसर

## खैरथल-तिजारा जिले मे डाइट खोलने की मांग

खैरथल-तिजाराःजो अभ्यर्थी प्री प्राइमरी शिक्षक बनना चाहते हैं उनके लिए यह एक शानदार मौका है आप एनटीटी का नया कोर्स करके आंगनबाड़ी, बालबाड़ी एवं स्कूलों में शिक्षक बन सकते हैं इसके अंदर कंपटीशन भी काफी कम रहेगा क्योंकि शुरूआत में नए कोर्स करे हुए व्यक्तियों की संख्या कम रहेगी ऐसे में यह आपके लिए शानदार मौका है इसका कोर्स करके आप टीचर बन सकते हैं।प्रारंभिक शिक्षा में 2 वर्षीय अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम डीएलएड के साथ-साथ अब राज्य की डाइट नर्सरी टीचर ट्रेनिंग कोर्स भी करावेगी नर्सरी टीचर ट्रेनिंग कोर्स को शॉर्ट में एंटी कहा जाता है यह कोर्स करने के पश्चात राज्य में प्री प्राइमरी शिक्षकों की वैकेंसी में शामिल हो सकते हैं राज्य सरकार की ओर से इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली है प्रदेश के सभी



34 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों इस कोर्स को शुरू किया जा रहा है।एनटीटी कोर्स के लिए योग्यता की बात करें तो किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से 12वीं कक्षा या उसके समक्ष पास होना चाहिए जो 50% अंकों के साथ में पास होना चाहिए इसके अलावा कम से कम आयु सीमा 18 वर्ष होनी चाहिए और कोई भी कला विज्ञान और वाणिज्य विषय के साथ पास हो

एनटीटी कोर्स को 15 साल बाद में फिर से शुरू कर दिया गया है राज्य सरकार की तरफ से इसके लिए एनओसी जारी कर दी गई है अब प्रदेश में इस कोर्स को फिर से लागू किया जाएगा एनटीटी कोर्स को पहले नर्सरी टीचर ट्रेनिंग कोर्स के नाम से जाना जाता था लेकिन अब इसका नाम बदल दिया गया है अब इसे डिप्लोमा इन प्री स्कूल एजुकेशन कोर्स के नाम से जाना जाएगा.नई शिक्षा निति में इस कोर्स के बाद बेहत्तर अवसर प्राप्त होगें

खैरथल के शिक्षाविद बीएन अवस्थी ने बताया सरकारी क्षेत्र में रोजगार चाहने वालों को डीपीएसई/एनटीटी दो वर्षीय और एनसीटीई से मान्य कोर्स ही करना चाहिए किसी संस्थाओ से किऐ गये कोर्स मान्य नही है राजस्थान में.

नये जिलों मे डाईट की स्थापना नहीं होने के कारण खैरथल-तिजारा जिले के विधार्थियों को भी अन्य जिलों मे ही प्रवेश लेना होगा खैरथल के किसान नेता टिल्लू शर्मा और वरिष्ठ नेता नारायण छंगाणी ,समाजसेवी मेहमूद खां ने सीएम भजनलाल शर्मा को पत्र भेज कर खैरथल में डाइट खोलने की मांग की है जिससे खैरथल के विधार्थियों को स्थानीय स्तर पर शिक्षा क्षेत्र का प्रशिक्षण मिल सके.

# जिला कलेक्टर के नवाचार से चार दिन में 114 गोवंश को मिला सुरक्षित आश्रय

**एनपीटी ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 4 मई। जिले के शहरी क्षेत्रों (नगर परिषद / नगर पालिका) में निराश्रित गौवंश के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका और घटनाओं को देखते हुए जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने इस दिशा में एक अभिनव पहल ₹निराश्रित गोवंश को आश्रय अभियान 2025₹ शुरू की जिसमें अभियान के जिले भर में कुल अबतक 114 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया।



जिला कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान का संचालन नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्रों में किया जा रहा है। अभियान के तहत रविवार को नगर परिषद तिजारा क्षेत्र से 42 गोवंश को आश्रय प्रदान किया, इसी प्रकार खैरथल में 3 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया। अभियान के तहत अब तक नगर परिषद तिजारा में 70 गोवंश, नगर परिषद खैरथल में 13 गोवंश, नगर परिषद भिवाड़ी में 11 गोवंश, नगर पालिका कोटकासिम में 15 गोवंश, नगर पालिका मुंडावर में 5 गोवंश को आश्रय प्रदान किया गया।

अभियान के तहत नगर परिषद और नगर पालिका स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित कर नगरों में घूम रहे निराश्रित गौवंश को चिन्हित कर निकटवर्ती गौशालाओं में सुरक्षित रूप से पहुंचाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और निराश्रित पशुओं को बेहतर देखभाल उपलब्ध कराना है।

# गुढ़ागौड़जी और उदयपुरवाटी क्षेत्र के दर्जनों गांव में ओलावृष्टि से प्याज और सब्जी की फसल चौपट

## किसानों ने सरकार से की मुआवजे की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो।**

झुंझुनूं। जिले के उदयपुरवाटी व गुढ़ा गोड़जी क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाद पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते भारी ओलावृष्टि हुई। जिससे खेतों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। ओले बड़े बेर के आकार के साइज के थे। ओलावृष्टि से प्याज और सब्जी की फसले चौपट हो गई। हीरवाना, मैनपुरा, बामलास, गढला, नंगली क्षेत्र में सब्जी और प्याज की फसल बड़ी मात्रा में बोई जाती है। जो संपूर्ण फसल नष्ट हो चुकी है। मैनपुरा के किसान विजेंद्र सिंह और रामपुरा के किसानों ने बताया कि प्याज और सब्जी की फसल बोने में बहुत ज्यादा खर्चा आता है। ओलावृष्टि ने हम किसानों की कमर तोड़ दी



है। किसानों ने सरकार से ओलावृष्टि से हुए नुकसान की गिरदावरी कर शिघ्र मुआवजा देने की मांग की है। किसानों ने बताया कि फसलों के साथ-साथ पेड़ पौधों और पशु पक्षियों को भी ओलावृष्टि से भारी नुकसान पहुंचा है। राजेश खटाणा ने बताया कि ओलावृष्टि से किशोरपुरा में ग्रामीणों की तीन बकरियों की मौत हो गई वहीं चार घायल हो गई। गांव का धूड़ाराम चरवाहा जो कि मजदूरी पर गांव की बकरियां चराता है। शनिवार को अचानक हुई ओलावृष्टि से बकरियां चपेट में आ गई। कुछ बकरियां ने पेड़ों के नीचे छुपकर तो कुछ एक तिबारे में घुसकर अपनी जान बचाई। दीवार के सहारे खड़ी बकरीयों

में तीन की मौत हो गई तथा चार गंभीर घायल हो गई। ग्रामीणों ने सरकार से मृत बकरियों का मुआवजा देने की मांग की है।

# झुंझुनूं में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद की आमसभा आयोजित

## शाहीद स्मारक पर गूंजे पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे। पूर्व सैनिकों ने कहा जरूरत पड़ी तो हम हैं तैयार

**नेशनल प्रेस टाइम,ब्यूरो।**

झुंझुनूं। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद की वार्षिक आमसभा रविवार को केशव आदर्श विद्या मंदिर झुंझुनूं में सम्पन हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गीतांजलि ज्वेलर्स के अध्यक्ष शिवकरण जानू रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि प्रिंस अकेडमी के चेयरमैन गुलझारी लाल कालेर, मारुति के प्रबंधक अजयराज सोनी, जिलाध्यक्ष सूबे रामनिवास डूडी, राजस्थान गौरव सेनानी शिक्षक संघ प्रदेशाध्यक्ष राजवीर चनाना, सीकर जिलाध्यक्ष रवीन्द्र डोटासरा, परिषद के सीकर अध्यक्ष मामराज भूरिया, आजाद सिंह शेखावत कैप्टन महेंद्र झाझड़िया रहे।

कार्यक्रम के अध्यक्षता बीडीके अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर जितेंद्र भांबू द्वारा की गई। पूर्व सैनिकों ने



शहीद स्मारक पर पहलगांव मे जान गवांने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पाकिस्तान मुदार्बाद के जमकर नारे लगाए। पूर्व सैनिकों ने कहा कि देश को हमारी जरूरत पड़ी तो हम सीमा पर जाने के लिए तैयार हैं। अतिथियों द्वारा मां भारती तथा सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात पहलगाम में आतंकी हमले में मृतको को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद उपस्थित अतिथियों का साफा और माला पहनकर स्वागत किया गया। झुंझुनू ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर धर्मपाल भाम्बू ने परिषद के द्वारा किये गए कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

जिला तथा ब्लाक कार्यकारिणी का किया विस्तार : जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार कर पदाधिकारी बनाये गए। जिसमे जिला कार्यकारणी में सूबेदार रामनिवास डूडी को जिलाध्यक्ष, राजवीर चनाना को जिला संयोजक, कैप्टन पेमाराम बोला को उपाध्यक्ष, सुल्तान सिंह, हरलाल डांगी, राजपाल भाम्बू, योगेश बराला, राकेश चाहर को जिला कार्यकारणी में जबकि महिपाल सिंह, रामवतार ढाका, गोवर्धन महला, ओमप्रकाश सिहाग, हरीश भड़िया, उमेद श्योराण, प्रताप पूनियां, विनोद पावड़िया प्रधान खेरवा, सुमेर सिंह महला, रमेश कुमार, महिपाल कृष्णिया को ब्लॉक कार्यकारणी में पदाधिकारी बनाये गए।

# शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने की पीडी मद में कार्यरत शिक्षकों के शीघ्र वेतन भुगतान की मांग

अलवर। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा,जयपुर को पत्र भेजकर पीडी मद में कार्यरत शिक्षको को वेतन भुगतान की राशि आवंटन करने की मांग की।प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंचल कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य के कई प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयो में कार्यरत पीडी मद के शिक्षको का वेतन भुगतान दो-तीन माह से बकाया है। आज दिनांक तक भी लगभग तीन माह का वेतन इन शिक्षकों का बकाया चल रहा है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा तीन माह बाद देरी से बजट आवंटित किए जाने के कारण पीडी मद में कार्यरत शिक्षको के वेतन भुगतान में समस्या आ रही है।इस कारण इन शिक्षकों को प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में वेतन भुगतान के राज्य सरकार के आदेश की पालना भी नही हो पा रही है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने कहा कि समय पर वेतन भुगतान नही हो पाने से उन सभी शिक्षकों की अपनी घरेलू व्यवस्थाएं व आर्थिक प्रबंधन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। कई शिक्षको ने अपने वेतन खाते से बैंक लोन ले रखे है। लोन किश्त भुगतान की तारीख तक बैंक के खाते में वेतन जमा नही होने के कारण बैंक द्वारा पेनल्टी वसूल की जाती है।इस सभी परिस्थितियों को देखते हुए राज्य सरकार को पीडी मद में कार्यरत शिक्षकों के लिए वेतन का बजट अतिशीघ्र आवंटित करना चाहिए।

# नीट (यूजी) परीक्षा-2025 हुई संपन्न

**ब्यरो -एनपीटी**

बूँदी, 4 मई। राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एनटीए), नई दिल्ली की ओर से आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा-2025 जिला मुख्यालय पर 4 मई को दोपहर 2:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित हुई जिसमें जिले में कुल 06 परीक्षा केंद्र थें। जिले में कुल 2568 परीक्षार्थी पंजीकृत थें जिसमें 2510 उपस्थित एवं 58 अनुपस्थित रहें। उपस्थिति का प्रतिशत 97.74 रहा।परीक्षा नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में परीक्षा सुचारू एवं शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु प्रत्येक केन्द्र पर 01 केन्द्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से फिक्सिंग एवं बायोमेट्रिक भी हुई। सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा के दौरान प्रत्येक केंद्र पर एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं एक पुलिस नोडल अधिकारी निरीक्षण हेतु नियुक्त किये गए तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल की नियुक्ति की गई।

# ब्रह्मा कुमारी कमला दीदी जी की चतुर्थ पुण्य स्मृति दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बूंदी । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व संचालिका परम श्रद्धेय राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर स्नेह सुमांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्मा कुमारी रजनी दीदी जी ने कमला दीदी जी की चतुर्थ पुण्य स्मृति दिवस पर संबोधित करते हुए बताया कि कमला दीदी जी एक अद्वितीय व्यक्तित्व की धनी थीं। उनकी मात्सल्य और मातृत्व प्रेम की भावना ने हर किसी को अपनी ओर आकर्षित किया। चाहे बच्चा हो, बड़ा हो या बुजुर्ग, हर कोई उनसे मिलकर अपनेपन का अनुभव करता था। कमला दीदी जी का जीवन अनुशासन और मयार्दा का प्रतीक था। वह हर पल का ध्यान रखती थीं और हर कार्य समय अनुसार करने का प्रयास करती थीं। उनकी दिनचर्या इतनी सटीक थी कि उन्होंने अपने पूरे जीवन में इसका पालन किया। स्वास्थ्य सही न होने के बावजूद, कमला दीदी जी की आत्मशक्ति और सकारात्मकता अद्भुत थी। वह सदैव मुस्कुराते चेहरे से सबको मिलती थीं और उनके व्यवहार में इतनी कुशलता थी कि सामने वाले व्यक्ति को लगता था कि वह उन्हें बहुत समय से जानती हैं।विधायक हरिमोहन शर्मा ने अपने वक्तव्य में बताया कि जीवन जो हमें मिला है, वह हमारे पूर्व के अच्छे कर्मों और पुण्य कर्मों का परिणाम है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनकी याद में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी शिक्षाओं और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंत में, उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और ब्रह्मा कुमारी दीदीयों ने आदरणीय कमला दीदी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में शामिल थे।

# पत्रकारों का दुर्घटना बीमा कराएंगे

## पत्रकारों के बनेंगे परिचय पत्र और परिवार में शादी होने पर देंगे कन्यादान

अलावर-जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार )अलवर जिला इकाई द्वारा जिला स्तरीय पत्रकार संगोष्ठी एवं सामूहिक भोज का आयोजन गायत्री मंदिर रोड स्थित अपना मैरिज होम में किया गया। संगोष्ठी में संगठन द्वारा निर्णय लिया गया कि जिले के सभी सदस्य पत्रकारों का (जार ) अलवर ईकाई की ओर से दुर्घटना बीमा कराने , पत्रकारों का परिचय पत्र बनाने और परिवार में बहन बेटी की शादी में कन्यादान करने से संबंधित निर्णय लिए गए।

यह निर्णय जार अलवर के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान की अध्यक्षता में हुई कोर कमेटी ने सर्वसममति से लिया। इससे पहले जिले भर के



पत्रकारों ने पत्रकारिता के समक्ष आ रही चुनौतियों और इसके समाधान की दिशा विषय पर मंथन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुभाष तिवाड़ी, स्वदेश कपिल, अवधेश सिंह, धर्मेन्द्र अदलकखा, सुरेश पंडित, अमित भारद्वाज, लक्ष्मीनारायण लक्ष्य, सुजीत कुमार, समरदीप गुप्ता, प्रदीप यादव, मनोज गुप्ता व संरक्षक महिपाल शेखावत ने विचार व्यकत किए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि पत्रकारों को रियायती दरों पर आवास योजना अलवर में शुरू कराने के लिए शीघ्र ही नगर विकास न्यास सचिव को ज्ञापन सौंपा जाएगा एवं अलवर (जार) का प्रतिनिधि मंडल जयपुर जाकर इस मामले में मुखयमंत्री से मिलेंगे।

इस अवसर पर जिले के पत्रकारों का अभिनंदन किया गया जिसमें समरदीप गुप्ता, विपिन मेंहदीरत्ता,राहुल बावलिया, मनीष बावलिया, जगदीश शर्मा, राहुल जोशी, पीयूष उपाध्याय, रूप सिंह, रोहित शर्मा, धर्मेन्द्र स्वामी, महेन्द्र अवस्थी, गोपाल सिंह सोलंकी, यूडी खान, जितेन्द्र सेतिया, रमेश मीणा, छगन चेतीवाल, चंद भूषण शर्मा, कौशल पंडित, अरकत गांधी, विपिन सेतिया, मनीष अरोड़ा, रूपेश शर्मा, अर्चना जैन व रुचि सोलंकी, राकेश खंडेलवाल, नीरज पांडे, निरंजन सैनी आदि थे। संचालन धर्मेन्द्र अदलकखा और अवधेश सिंह ने किया। अंत में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान ने आभार जताया।

# शिक्षक संघ अंबेडकर बूंदी ब्लॉक के अध्यक्ष बने मानमल मीणा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बूंदी। राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर बूंदी ब्लॉक की ब्लाक कार्यकारिणी का चुनाव महात्मा गांधी स्कूल देवपुरा में संपन्न हुए सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक जवाहरलाल मेघवाल व रामचरण मीणा ने कार्यकारिणी का गठन कर शपथ दिलाई गई। चुने गए ब्लॉक अध्यक्ष पद पर मानमल मीणा, महामंत्री महेंद्र बैरवा, ब्लॉक मीडिया प्रभारी शक्तिमान मेघवाल अगले पदों का गठन नवीन कार्यकारिणी में किया जाएगा। बूंदी ब्लॉक अध्यक्ष मानमल मीणा ने पिछले कार्यकाल का ब्यौरा प्रस्तुत किया और बताया कि बूंदी ब्लॉक में किसी भी शिक्षक शिक्षिका को कोई भी समस्या विभाग से संबंधित हो उसका त्वरित निस्तारण करवाया जाएगा समय-समय पर संगठन की बैठक कर नीति संगत स्थानीय मुद्दों का समाधान करना और पृथ्वी पर जो तापमान बढ़ रहा है उसको देखते हुए



संगठन 15 जुलाई से वृक्षारोपण महा अभियान चलाएगा। उपस्थित शिक्षक गण इस प्रकार रहे प्रदेश संरक्षक शंभूदयाल मेहरा ,जिला अध्यक्ष धनराज मीणा, जिला महामंत्री जवाहरलाल मेघवाल ,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लेखराज मीणा, जिला महिला मंत्री सुल्तान बाई,जिला संगठन मंत्री रामचरण मीणा, जिला कार्यालय प्रभारी उदालाल मीणा, माध्यमिक शिक्षा प्रतिनिधि लालचंद मीणा,जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद नियाज, , संस्कृत शिक्षा प्रतिनिधि इंद्र सहाय, गोपाल लाल मेघवाल, मुकेश कुमार मीणा, , प्रारंभिक शिक्षा प्रतिनिधि कल्याणमल वर्मा, सुरेंद्र कुमार मीणा, तस्वीर मीणा, शंकर लाल मीणा, जिला शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामप्रसाद मीणा, रामलाल प्रतिहार, मंत्री महेंद्र बेरवा, ब्लॉक मीडिया प्रभारी शक्तिमान मेघवाल सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कार बाईक की भिडंत में महिला व दामाद की मौत, 2 घायल

## घायलों की हालत गंभीर, हायर सेंटर के लिए किया गया रैफर, मृतकों के परिवार में कोहराम मचा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बायपास के निकट कार की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध महिला व दामाद की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार के लिए, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला में भर्ती कराया गया। जहां पर गंभीर हालत के चलते घायलों को हायर सेंटर शामली रेफर कर दिया गया। वृद्ध महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। कस्बा एलम निवासी 60 वर्षीय महिला बबीता पत्नी रमेश अपने दामाद जनपद मुजफ्फरनगर के गांव जसोई निवासी दीपक के साथ शादी का सामान खरीदने के लिए कस्बा एलम से कांधला रही थी। परिजनों के अनुसार जैसे ही बाइक सवार एलम दिल्ली नेशनल हाईवे बायपास मार्ग के निकट पहुंचे तो बागपत की ओर से आ रही तेज रफ्तार करने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें ब्रद्ध महिला बबीता की कर की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान कार चालक व कार सवार एक महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सवार चालक शुभम ने बताया कि जनपद सहारनपुर के रहने वाले हैं अपनी 60 वर्षीय मां ज्योती के साथ कार से बडौत जा रहा था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर ने बाइक सवार दीपक को उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल मां ज्योती व बेटे शुभम को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर कर परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने ब्रद्ध महिला व मृतक दामाद के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वृद्ध महिला और दामाद की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक का घटना के संबंध में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# 85.83 लाख कुंतल पेराई के साथ शामली मिल बंद

शामली। जिले की अपर दो आब चीनी मिल शामली रविवार की सुबह 85 लाख 83 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई करके बंद हो गई। मिल कुल पांच माह 9 दिन चल पाई। मिल पर किसानों का अभी भी 16.91 करोड़ रुपये बकाया है। जिले की थानाभवन चीनी मिल तीन अप्रैल और ऊन चीनी मिल पांच अप्रैल को गन्ना पेराई सत्र समाप्त कर चुकी है। मिल के गन्ना उप महाप्रबंधक दीपक राणा ने बताया कि शामली चीनी मिल इस बार पांच माह 9 दिन चल पाई। मंडल के उप गन्ना आयुक्त ओपी सिंह ने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले की खतौली, मोरना, रमाला चीनी मिल को छोड़कर शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बागपत जिले की ज्यादातर चीनी मिले बंद हो चुकी है।

# वांछित महिला हिस्ट्रीशीटर स्मैक के साथ गिरफ्तार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो कैराना।** वांछित महिला हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने 15 ग्राम अवैध स्मैक व एक इलेक्ट्रॉनिक कांटे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। रविवार को कैराना कोतवाली पर तैनात आनन्द कुमार व राजेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के अभियान के क्रम में पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ मुखबिर खास की सूचना पर छापेमारी करते हुए मादक पदार्थ की तस्करी में वांछित चल रही महिला हिस्ट्रीशीटर रेशमा पत्नी फुरकान निवासी मौहल्ला आर्यपुरी को 15 ग्राम अवैध स्मैक व एक इलेक्ट्रॉनिक कांटे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। पूर्व में पुलिस महिला हिस्ट्रीशीटर के एक साथी सरवर को मादक पदार्थ की तस्करी में जेल भेज चुकी हैं। गिरफ्तार महिला हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध पूर्व में भी कैराना कोतवाली पर रंगदारी की साजिश करने एवं एनडीपीएस एक्ट के कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने महिला हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध गिरफ्तार एवं बरामदगी के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर महिला को चालान कर दिया है।

# बाइक एजेंसी कर्मचारियों के साथ मारपीट कर वेतन छिना

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो कांधला।** थाना क्षेत्र के पूर्व यमुना नहर मार्ग के निकट बाइक सवार लोगों ने बाइक एजेंसी कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल पर नगदी को छीन लिया। घटना के संबंध में घायल के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के कस्बा गांधीनगर निवासी कर्मवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि उसका बेटा रोहित कांधला कस्बे के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग स्थित बाइक एजेंसी पर कर्मचारियों के पद पर कार्यरत है। बीते शनिवार की शाम रोहित एजेंसी से काम पूरा करने के बाद अपने घर एलम जा रहा था। दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग पर बस के इंतजार करने के दौरान कस्बे के मोहल्ला गुजरान निवासी नदीम बाइक लेकर रोहित के पास पहुंचा। और जरूरी कार्य बताते हुए बाइक पर बैठकर पूर्वी यमुना नहर मार्ग के निकट ले आया। पीड़ित के मुताबिक मार्ग पर पहले से ही बैठे दो युवकों ने लाठी डंडों से युवक रोहित पर जानलेवा हमला बोल दिया। बाइक सवार युवक सहित तीनों ने रोहित के साथ जमकर मारपीट करते हुए बुरी तरह से घायल कर दिया और युवक का मोबाइल व वेतन के 12000 रुपये जो एजेंसी से लेकर आया था उक्त बाइक सवार युवक छीनकर मौके से फरार हो गए। घायल युवक ने परिजनों को मामले की जानकारी दी। जिसके चलते परिजनों ने मौके पर पहुंच कर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, और उपचार कराने के बाद घटना के संबंध में नदीम सहित अज्ञात युवकों के विरुद्ध तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है कि मामला पैसों के लेनदेन का है।

# जानलेवा हमला करने का वांछित आरोपी गिरफ्तार

कैराना। पुलिस ने गांव मंडावर में जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद। रविवार को कैराना कोतवाली पर तैनात उपनिरीक्षक सतीश प्रकाश ने पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के निकट पर्यवेक्षण में गस्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम को साथ लेकर गत 27 अप्रैल को हाशिम पुत्र अब्बास निवासी ग्राम मंडावर के घर में घुसकर गाली-गलौज कर जानलेवा हमला करने के वांछित आरोपी जानसार पुत्र जीजू निवासी ग्राम मंडावर को घटना में प्रयुक्त डंडे के साथ गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते चालान कर दिया है।

# सलाद मांगने पर होटल कर्मियों ने दो युवकों पर डाला खौलता तेल

## गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए किया गया रैफर, पीडितों ने दी तहरीर , मामले की जांच पडताल में जुटी पुलिस



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो कांधला।** होटल पर खाना खाने के दौरान सलाद मांगना दो युवकों को भारी पड गया। होटल संचालक व उस पर काम करने वाले कर्मचारियों ने दोनों के ऊपर खौलता हुआ तेल डाल दिया। दोनों युवकों को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया। जहां से उनकी हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। पीडितों ने मामले में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। नगर के मौहल्ला गुजरान निवासी मुनव्वर पुत्र शमशीर अपने साथी आरिफ पुत्र रियासत के साथ शनिवार की देर रात्रि नगर के कैराना रोड स्थित इरफान के होटल पर खाना खाने के लिए गया था। दोनों के द्वारा खाने का ऑर्डर देने के बाद जब काफी देर बाद खाना आया तो खाने में होटल के कर्मचारियों ने उन्हें सलाद नही दी। जिस पर दोनों ने सलाद की मांग की तो होटल कर्मचारियों ने उनकी बात को अनसुना कर दिया। काफी देर तक जब दोनों युवकों को सलाद नहीं मिली तो उन्होंने होटल संचालक इरफान को मामले की शिकायत की, जिस पर इरफान ने अपने कर्मचारियों को कुछ ना कहकर उल्टा दोनों युवकों के साथ ही अभद्रता करनी शुरू कर दी। जिस पर दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिस पर होटल मालिक व कर्मचारियों के द्वारा दोनों युवकों पर हमला बोल दिया तथा पास रखे खौलते हुए तेल को उनके ऊपर डालना शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान वहां काम कर रहे कर्मचारियों में से एक कर्मचारी ने पीडितों के ऊपर नमक व मिर्च के पैकेट डाल दिए, जो तेल की साथ बहकर मुनव्वर की आंख में चले गए। जिससे मुनव्वर की आंखों में भी गंभीर जख्म बन गए है, घटना के बाद पीडितों को आनन फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां पर उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। वही पीडितों के परिजनों ने मामले में होटल संचालक इरफान, शाहरूख, साहिल के साथ - साथ वहां काम करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है कार्यवाही की जायेगी।

**विवादित रहा है होटल संचालक**

नगर के कैराना रोड पर स्थित इरफान अपने होटल में ताहरी के साथ मीट आदि बेचने का भी कार्य करता है, उक्त होटल पूर्व में भी कई बार विवाद का कारण बन चुका है तथा उक्त होटल संचालक व कर्मचारियों के द्वारा पूर्व में भी कई बार ग्राहकों के साथ अभद्रता तथा मारपीट के मामले सामने आ चुके है।

**अतिक्रमण के बाद भी प्रशासन मौन**

नगर के कैराना रोड पर स्थित होटल संचालक इरफान के द्वारा अपने होटल के बाहर कई फीट तक सरकारी सडक पर अतिक्रमण किया हुआ है, किन्तु उसके बाद भी पालिका प्रशासन उसके खिलाफ कोई कार्यवाही अमल में नही लाता है। उसके द्वारा अपने होटल के बाहर सडक पर खुले में मांस, मीट को टांगा जाता है, जबकि उसके होटल से चंद कदम की दूरी पर ही स्कूल, मस्जिद के साथ - साथ धार्मिक स्थल मौजूद है।

# नाला गिरने की खबर छपी तो हरकत में आया विभाग, दोबारा निर्माण कार्य शुरू



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो चौसाना।** खोडसमा गांव में शुक्रवार को हुई बारिश के चलते सड़क किनारे बना नाला भरभराकर गिर गया था। ग्रामीणों की शिकायत और इसकी खबर अखबारों में प्रकाशित होने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग हरकत में आया और रविवार सुबह ही मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य दोबारा शुरू करवा दिया। इससे ग्रामीणों में संतोष है। शुक्रवार सुबह हुई तेज बारिश के बाद खोडसमा गांव के निकट बनी मुख्य सड़क के किनारे हाल ही में बना नाला ढह गया था। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाया और संबंधित विभाग से कार्यवाही की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना था कि घटिया सामग्री और मानकों को नजरअंदाज करते हुए नाले का निर्माण कराया गया, जिसका परिणाम पहले ही पानी में बह गया।नाला गिरने की जानकारी जब स्थानीय अखबारों में प्रमुखता से छपी तो पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने गंभीरता दिखाई। रविवार सुबह , जेई सहित अन्य विभागीय कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। इसके बाद दोबारा निर्माण कार्य शुरू कराया गया।

# दलितों पर धर्म परिवर्तन करने व जमीनो पर कब्जा करने में आधा दर्जन पर मुकदमा, दो हिरासत में लिए



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो चौसाना।** भडी कोरियान में दलितों को धमकाकर जमीनों पर कब्जा करने एवं धर्म परिवर्तन की धमकी देने के मामले मे एसपी शामली ने संज्ञान देते हुये हिस्ट्रीशीटर बदमाश सहित करीब आधा दर्जन लोगो को गम्भीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि दलित होने के कारण जाति सूचक शब्दो से अपमानित किया गया और उत्पीडन किया जा रहा है। नामजद दो आरोपियों को पुलिस ने पकड लिया ,जबकि अन्य आरोपी फरार बताये गये है। मामले की सीओ कैराना जांच कर रहे है।

चौसाना के गांव भडी कोरियान मे दलितो को धमकाकर जबरण परिवर्तन कराने की शिकायत तहसील दिवस मे की गई थी। डीएम-एसपी की अगुवाई वाले समाधान दिवस मे शिकायत मिलने के बाद एसपी शामली राम सेवक गौतम ने मामले की गम्भीरता को देखते हुये तत्काल मामले को दर्ज कर दोषियों पर कार्यवाही के निर्देश दिये। जिसके बाद झिंझाना पुलिस ने मामले को दर्ज कर लिया और दोषियों पर कार्यवाही करते हुये दो आरोपियों को हिरासत मे लिया गया। आरोप है कि आरोपियों ने दलितो की जमीनो पर जबरा कब्जा करने की भी धमकी दी थी। सीओ कैराना मामले की जांच करेंगे।

**पुलिस के प्रति ग्रामीणों मे असंतोष, लगे थे आरोप**

चौसाना। भडी कोरियान दलितों की भूमि पर कब्जा करने के कई मामले हो चुके है। लेकिन चौसाना पुलिस की लापरवाही व ढिलमुल रवैये के कारण किसी भी मामले को दर्ज नही किया गया। जिस वजह से आरोपियों के मंसूबे हावी हो गये और दलितो को धर्म परिवर्तन कराने के लिये मजबूर किया जाने लगा। जिन आरोपियों को नामजद करते हुये मुकदमा दर्ज कराया गया है,उनमे से एक व्यक्ति की हिस्ट्रीशीट खुली हुई है। बता दे कि बीते 20 अप्रेल व 29 अप्रेल को दतिलो की फसल को नष्ट कर दिया गया था। जिस कारण पीडित परिवारो ने चौकी प्रभारी को नामजद कर,मौके पर खडे होकर फसल नष्ट कराने की शिकायत की थी। जिस पर कार्यवाही नही हुई तो पीडितो ने न्यायालय का दरवाया खटखटाया।

समाधान दिवस मे सुनीता नाम की महिला ने धर्मपरिवर्तन कराने की शिकायत की थी। जिसके आधार पर मुकदमें को दर्ज किया गया है। सभी को गिरफ्तार किया जायेगा।

–जितेन्द्र शर्मा
प्रभारी निरीक्षक झिंझाना

# बुच्चाखेड़ी के विशाल चौहान का यूपी पुलिस में चयन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो कैराना।** गांव बुच्चाखेड़ी के युवक विशाल चौहान का उत्तर-प्रदेश पुलिस में चयन हुआ है। युवक के चयनित होने पर परिवार एवं रिश्तेदारी में हर्ष व्याप्त है। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड उत्तर-प्रदेश द्वारा विगत वर्ष सिपाही के 60,244 पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी, जिसकी लिखित परीक्षा प्रदेश के विभिन्न केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई थी। शारीरिक मापदंड एवं चिकित्सीय परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत बोर्ड ने विगत 15 मार्च को चयनित अभ्यर्थियों की फाइनल मेरिट जारी की थी। क्षेत्र के गांव बुच्चाखेड़ी निवासी सुरेन्द्र चौहान के पुत्र विशाल चौहान ने भी इसी भर्ती प्रक्रिया के लिए आवेदन किया था, जिसका सिपाही के पद पर चयन हुआ है। विशाल चौहान ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मेरिट में 300 में से 216 अंक प्राप्त किये है। यूपी पुलिस में चयन होने पर युवक के परिवार में खुशी का माहौल व्याप्त है। रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों की ओर से उसे शुभकामनाएं ज्ञापित की जा रही है। विशाल के पिता सुरेन्द्र गांव में ही कृषि कार्य करते है, जबकि छोटा भाई अभिषेक चौहान आईटीआई करने के पश्चात नेस्ले कंपनी में जॉब कर रहा है। विशाल की कामयाबी से परिवार के लोग खुशी से गदगद है।

## संक्षेप समाचार :

### शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल बैरागी को अर्पित किए श्रद्धा सुमन



कैराना। पत्रकार संगठन कैराना के अध्यक्ष संदीप इन्सां ने हरियाणा के करनाल में आयोजित लेफ्टिनेंट विनय नरवाल बैरागी की शोकसभा में शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। लेफ्टिनेंट विनय नरवाल विगत 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले में शहादत को प्राप्त हो गए थे। रविवार को पत्रकार संगठन कैराना( शामली) के अध्यक्ष संदीप इन्सां हरियाणा के करनाल में पहुंचे। जहां पर उन्होंने शहर के अंबेडकर चौक के निकट स्थित डॉ. मंगलसेन सभागार में आयोजित लेफ्टिनेंट विनय नरवाल बैरागी की शोकसभा में भाग लिया। संदीप इन्सां ने सभागार हॉल में रखी दिवंगत विनय नरवाल की विराट तस्वीर के सम्मुख पुष्प अर्पित करते हुए नमन-वंदन किया। उन्होंने संगठन की ओर से प्रेषित किये गए शोक संदेश के माध्यम से पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड की कड़ी भर्त्सना की है। साथ ही, मोदी सरकार से निर्दोष नागरिकों पर किये गए कायराना हमले के दोषियों को यथाशीघ्र उनके अंजाम तक पहुंचाने की मांग की है। शोकसभा में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी समेत प्रदेश की दिग्गज हस्तियां मौजूद रही। इस दौरान मास्टर प्रदीप स्वामी, सुनील स्वामी, देवीसिंह बैरागी, मलूकदास बैरागी, नितिन स्वामी आदि ने भी शोकसभा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# महिला से जबरदस्ती के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कांधला। दो अलग - अगल मामलों में घर में घुसकर महिला के साथ जबरदस्ती करने के मामले में पुलिस ने पीडिता की तहरीर के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। गांव गढीदौलत निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि जिस समय वह अपने घर में अकेली थी, उसी दौरान गौतम पुत्र जोगीराम निवासी इस्सोपुर टील व कुलदीप पुत्र यशपाल निवासी गढीरामकौर मौके पर पहुंचे तथा गौतम ने मकान के अंदर आकर उसे अकेला पाकर उसे दबोच लिया तथा उसके साथ जबरदस्ती करने लगा, उसके विरोध करने पर दोनों युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। वही दूसरी और गांव ताहिरपुर भभीसा निवासी राजबीर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी गैर मौजूदगी में गांव निवासी बिल्लू पुत्र महावीर सिंह उसके घर में घुस आया तथा उसकी पत्नी के साथ जबरदस्ती करने लगा। उसकी पत्नी के विरोध करने पर आरोपी ने खुद को विपुल खूनी का भाई बताते हुए घटना के बारे में किसी को भी बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने लगा। महिला के पति के तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

## फोन पर दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

कैराना। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने किया युवक को फोन पर धमकी देने के मामले में चार सगे भाईयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम के आदेश पर कैराना कोतवाली पुलिस ने शनिवार को आस मोहम्मद निवासी ग्राम मन्नामजरा की तहरीर पर फोन पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में चार सगे भाई वैशर, मनव्वर, अनवर व तसव्वर पुत्रगण इल्यास निवासी टिठौली जनपद सहारनपुर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बैठक में घुसकर किया जानलेवा हमला,पांच पर मुकदमा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो कैराना।** नगर के मौहल्ला अफगानान निवासी शराफत खां ने मुदकमा दर्ज कराया हैं कि गत 22 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे उसका भतीजा फैसल कपड़े की दुकान से अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह मीना मार्किट के निकट पहुँचा तो बुलेट बाईक पर सवार कासिम व सादिक ने तेज रफ़्तार बाईक से जानबूझकर उसे टक्कर मार दी।जिससे वह सड़क पर जा गिर। उक्त बाईक सवार युवकों से राहगीरों ने जान बचाई। युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वही देर शाम करीब 7:30 बजे पीड़ित का बेटा आफताब खां व शारिब खां,भतीजा फैसल खां व अफजल खां अपनी बैठक में बैठे हुए थे कि तभी अपने हाथों में लाठी-डंडे व धारदार हथियार लिए कासिम खां व काशिफ खां पुत्रगण जाहिद खान,शाहनवाज खान व नवाज खा,शहवार खां पुत्रगण नफीस खां व सादिक पुत्र शाकिर खां निवासीगण मौहल्ला अफगानान बैठक में घुस आये और आते ही गाली गलौच करते हुए आफताब के ऊपर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। बैठक में मौजूद अन्य लोगों पर लाठी डन्डो से हमला शुरू कर दिया। हमले में आफताब के सिर में गंभीर चोर आई। तभी शोर शराबे की आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ इक्कट्ठा हो गई और उनकी जान बचाई। उक्त लोग जाते जाते गोली मारकर जान से मारने की धमकी दे गए। पीड़ितों ने घटना की सूचना डॉयल 112 पुलिस को दी। डॉयल 112 पुलिस ने मौके पर पहुँची और घायल आफताब को कोतवाली ले आई। जहाँ से पुलिस घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया।

**युवक के साथ की मारपीट**

कैराना। नगर के मौहल्ला अफगानान निवासी नौशाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत 22 अप्रैल की रात्रि करीब 8 बजे वह काम से अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह तालाब के निकट पहुँचा तो वहां लगे बच्चों के झूले के पास खड़े जीशान,सारिक,आरिफ व फरमान निवासीगण मौहल्ला अफगानान ने जबरदस्ती रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज का विरुद्ध करने पर उक्त युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

# ट्यूबवेल से सामान चोरी,चार पर मुकदमा

कैराना। क्षेत्र के गांव मन्नामजरा निवासी फरमान पुत्र इरफान ने रिपोर्ट दर्ज कराई हैं कि गत 30 अप्रैल की रात्रि करीब 10 बजे वह अपने खेत से तुड़ा उठा रहे थे। तभी उनके खेत निकट ग्राम मन्नामजरा के रास्ते में स्थित मनव्वर की ट्यूबवेल पर आपुन,गोल्ला,मतलूब निवासीगण ग्राम मन्नामजरा व इरफान निवासी ग्राम अलीपुर बैठे हुए थे। जैसे ही अगली सुबह पीड़ित अपने खेत पर गया तो खेत पर स्थित ट्यूबवेल से स्टार्टर,150 मीटर केबल,ऑटोमैटिक सहित आदि सामान वहां नहीं मिला। घटना के सम्बंध में पीड़ित ने डॉयल 112 व कोतवाली पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस में मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल की थी। मामले में पीड़ित ने उक्त चारों युवकों पर चोरी का आरोपी लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित की नामजद तहरी के आधार पर चोरी की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

# ट्रांसफॉर्मर में आई तकनीकी खराबी को किया दुरुस्त



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो कैराना।** गांव कण्डेला में मुख्य मार्ग पर स्थित तालाब के किनारे रखे 250 केवीए के ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी आई हुई थी, जिसके चलते उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों से रूबरू होना पड़ रहा था। रविवार को गांव के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात लाइनमैन मोहित चौहान के नेतृत्व में संविदाकर्मियों की टीम ने ट्रांसफॉर्मर की रिपेयरिंग आदि का कार्य किया। विद्युत टीम ने दोपहर के समय करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के पश्चात ट्रांसफॉर्मर में आई तकनीकी खराबी को ठीक किया। ट्रांसफॉर्मर की तकनीकी खराबी दूर होने पर उपभोक्ताओं ने भी राहत की सांस ली। उन्होंने विद्युत टीम का आभार व्यक्त किया है। वहीं, लाइनमैन मोहित चौहान ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ट्रांसफॉर्मर की रिपेयरिंग का कार्य किया गया है। इस ट्रांसफॉर्मर से गांव के करीब 250 उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जाती है। टीम में लाइनमैन आलम चौहान, नरेश कुमार, राधेश्याम, मुंशाद अली व पेट्रोलिंग मैन जोगिंदर कुमार शामिल रहे।

# शान्तिपूर्ण वातावरण के साथ कदाचार रहित एवं निष्पक्ष माहौल में सम्पन्न हुई नीट परीक्षा 2025

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), राष्ट्रीय पात्रता सह- प्रवेश परीक्षा ) 2025 का सफलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित किया गया। जिले में कुल 2 परीक्षा केन्द्र बनाए गये थे। परीक्षा का संचालन एक पालियों में किया गया। परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जिले के पाकुड़ राज प्लस 2 स्कूल, पाकुड़ एवं डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका,पाकुड़ परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर किये गये व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त



दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केन्द्राधीक्षकों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा निर्धारित समयावधि में आरम्भ हुआ। उपायुक्त द्वारा परीक्षा केन्द्र के केन्द्राअधीक्षकों तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की नकलबाजी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों आदि का इस्तेमाल न हो, ऐसे करने वाले सम्बन्धित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि कदाचार रहित एवं निष्पक्ष माहौल में नीट परीक्षा 2025 का संचालन किया गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत, पर्याप्त मात्रा में बेंच, डेस्क आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई, ताकि परीक्षार्थी को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। साथ ही साथ सभी परीक्षा केन्द्रों पर जिला प्रशासन द्वारा वीडियोग्राफी भी कराई गई है, ताकि निष्पक्ष माहौल में परीक्षा सम्पन्न कराया जा सके। पाकुड़ जिले के 2 चयनित केंद्रों पर शान्तिपूर्वक वातावरण एवं कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई। दोनों केन्द्रों को मिलाकर कुल 458 अभ्यर्थियों में से 442 अभ्यर्थी उपस्थित हुए एवं 16 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, अंचलाधिकारी पाकुड़, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व केंद्राधीक्षक समेत अन्य उपस्थित थे।

# अबुआ सरकार का हर एक क्षण, हर एक घड़ी, राज्य की जनता के लिए समर्पित है- दानिएल किस्कू

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा क्षेत्र से वरिष्ट झामुमो कार्यकर्ता दानिएल किस्कू प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 03 मई 2025 को इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची में अधिवक्तागण के समृद्ध भविष्य के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारम्भ किया। इतिहास में पहली बार झारखण्ड के अधिवक्ताओं को ?5 लाख तक की स्वास्थ्य बीमा योजना का अधिकार मिला है। झारखण्ड, देश का पहला राज्य बना है जहां राज्य के सभी अधिवक्ताओं को सामाजिक सुरक्षा से जोड़कर उनके भविष्य को सुरक्षित किया जा रहा है। वरिष्ट झामुमो कार्यकर्ता दानिएल किस्कू ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस कार्यक्रम में झारखण्ड सरकार की चिताएं मुख्यमंत्री ने जताई। वरिष्ट झामुमो कार्यकर्ता दानिएल किस्कू ने कहा कि हमेशा प्रयास रहा है कि सरकार की आवाज और हेमन्त सरकार की योजनाएं सभी तक पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखण्ड, देश का सबसे पिछड़ा प्रदेश है, यह सुनकर बड़ी तकलीफ होती है। हमारा दिन- रात प्रयास रहता है कि झारखण्ड को इस कलंक से बाहर निकालें। अबुआ सरकार का हर एक क्षण, हर एक घड़ी, राज्य की जनता के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि न्याय व्यवस्था के क्रियान्वयन का जिम्मा आप सभी के कंधों पर होता है। मैंने बहुत करीब से आप सभी की वास्तविक, पारिवारिक और सामाजिक स्थिति को देखा है। हमारे आलोचक कहते हैं कि हम वोट बैंक के लिए काम करते हैं, जबकि मेरा मानना है कि हम काम करेंगे तो लोग स्वाभाविक रूप से हमसे जुड़ेंगें। यही कारण रहा कि हमें पूर्व की अपेक्षा इस बार आप सभी समेत राज्य की जनता ने भरपूर आशीर्वाद दिया है। गांव से लेकर शहर के प्रत्येक व्यक्ति को मदद पहुंचाने का काम किया जा रहा है, मुख्यमंत्री का प्रयास भी चल रहा है, देश की बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी राज्य में स्थापित करने की। जिसे आने वाले समय में पूरा किया जायेगा।

# हनुमान मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री मारुति नंदन महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य जल यात्रा



**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०),लातेहार जिला के बारियातू प्रखण्ड अन्तर्गत अमरवाडीह पंचायत के चेडरा ग्राम स्थित महुआटांड़ में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा एवं सात दिवसीय श्री मारुति नंदन महायज्ञ के शुभारम्भ से पूर्व रविवार को भव्य जल यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जल यात्रा का शुभारंभ मंदिर परिसर से हुआ, जहाँ श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश धारण कर महावीर झंडा एवं भगवा ध्वज लहराते हुए गाजे-बाजे के साथ जय श्रीराम, हर हर महादेव, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की, एक ही नारा एक ही नाम - जय श्रीराम जय श्रीराम जैसे जयघोषों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं का यह भव्य जुलूस बुलबुलिया नदी तक पहुँचा, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्री श्री 108 महंत रविन्द्र नाथ पांडेय ने जल पूजन सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान दीपक कुमार एवं उनकी पत्नी निशा देवी, साथ ही बिनेश्वर यादव एवं उनकी पत्नी ललिता देवी के हाथों विधिपूर्वक पूजा अर्चना करवाई गई। तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने नदी से पवित्र जल कलश में भरकर पुनः जयकारा लगाते हुए मंदिर प्रांगण स्थित यज्ञ मंडप की ओर प्रस्थान किया। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञाचार्य पांडेय ने कलश स्थापना संपन्न करवाई। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं के बीच यज्ञ समिति द्वारा प्रसाद वितरण भी किया गया। इस पावन अवसर पर जिला परिषद सदस्य रमेश राम, पंचायत की मुखिया सुशिला देवी, पूर्व मुखिया राजेंद्र उरांव, महेश यादव, विजय यादव, अरविंद यादव, संतोषी यादव, दिलीप प्रजापति, महेश उरांव, कुलेश्वर गंझू, कार्तिक उरांव, हरी साव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामवासियों में आपसी सौहार्द, आस्था और सामाजिक एकता की भावना को बल मिला। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। जल यात्रा को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष संतोष यादव, उपाध्यक्ष विनेश्वर यादव, सचिव बंसी यादव, कोषाध्यक्ष महेश यादव, मंडली सदस्य अरविंद कुमार, रामदयाल कुमार, विजय कुमार, सिकन्दर, दीपक, दासो, जितेन्द्र, नामधारी, बिनोद, तारकेश्वर, लोकनाथ सहित कई सदियों का अहम योगदान रहा।

# ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने थाना प्रभारी एवं एसडीपीओ से की मुलाकात



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने महेशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार को बुके भेंट की। साथ ही महेशपुर थाना प्रभारी विकर्ण कुमार को सम्मानित किया। दरअसल, 2006 से चल रहे कोल माइंस सड़क में डंपरों में अब तक सैकड़ों चोरियां हुई होंगी। लेकिन, शनिवार को महेशपुर थाना प्रभारी ने अपना कर्तव्य निभाकर इतिहास रच दिया। उन्होंने जिले के पुलिस कप्तान के निर्देश पर गोविंदपुर में एक्सीडेंट के बाद डंपर से चोरी किये गये सभी सामानों को बरामद कर इतिहास रच दिया। इससे खुश होकर एसोसियेशन के द्वारा महेशपुर थाना प्रभारी विकर्ण कुमार को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

# डीसी ने कालाजार कीटनाशक छिड़काव के सफल क्रियान्वयन को ले की समीक्षात्मक बैठक

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार ने कालाजार उन्मूलन हेतु किए जा रहे कीटनाशक छिड़काव और एक्टिव केस सर्च के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी प्रखण्डों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी भीवीडी नोडल पदाधिकारी, सभी सीएचओ एवं एमपीडब्ल्यू के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कीटनाशी छिड़काव अभियानों और सक्रिय मामला खोज (एक्टिव केस सर्च) पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने शत प्रतिशत कवरेज और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी, समुदायिक भागीदारी, और रीयल-टाइम डेटा पारदर्शिता पर जोर दिया गया। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को कीटनाशी छिड़काव अभियानों को गंभीरता से मानीटरिंग करने का निर्देश दिया ताकि छिड़काव के दौरान कोई भी बंदघर को या आंशिक रूप से छिड़काव कर छोड़ा न जाए। एमपीडब्ल्यू, सीएचओ को घर-घर जागरूकता अभियान चलाने एवं ग्रामीणों को छिड़काव कार्यक्रम की जानकारी देने का निर्देश दिया गया। साथ ही, प्रत्येक प्रखंड में आईआरएस के अंतिम तीन दिनों में एमओआईसी, केटीएस/एमटीएस और एमपीडब्ल्यू को अंतिम चुनौतियों का समाधान करने और पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने के लिए फील्ड दौरा तेज करने को कहा गया। उन्होंने कालाजार प्रबंधन सूचना प्रणाली (कैमिस पोर्टल) पर रीयल-टाइम डेटा अपडेट करने और रिपोर्टिंग में देरी से बचने की भी हिदायत दी। समुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए रात्रि चौपाल जैसे प्रयासों को रेखांकित किया गया। एमटीएस/केटीएस कर्मियों को विस्तृत रिकॉर्ड रखने और रीयल-टाइम डेटा रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने का दायित्व दिया गया, बैठक में सिविल सर्जन, जिला भीबीडी पदाधिकारी, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, भीबीडी कंसल्टेंट, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

# खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षण केन्द्र हेतु चयन ट्रायल का हुआ आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग तथा जिला प्रशासन, पाकुड़ द्वारा संचालित खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षुओं के चयन के लिए एनएसटीसी विधि द्वारा रविवार को जिला स्तरीय बैंक कॉलोनी स्टेडियम में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों छात्र- छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन, ऊंचाई, वजन, मेडिसिन बॉल थ्रो, वर्टिकल जंप आदि विभिन्न प्रकार के टेस्ट लिए गए। चयनित प्रतिभागियों को बैंक कॉलोनी स्टेडियम में प्रशिक्षक अक्षय बाउरी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार के द्वारा खेल की मापदंड एवं खेल से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए जो की काफी सराहनीय रहा, बच्चों का उत्साहवर्धन भी हुआ। इस अवसर पर खेल समन्वयक विवेक रजक, खेलो इंडिया के प्रशिक्षक अक्षय बाउरी, उजय राय, संजय भगत,श्यामल सोरेन, नारायण रॉय,अंकिता राय, अज्जू मंडल आदिल, रोहित साव, राममोहन सैनी एवं विभिन्न स्कूलों के खेल शिक्षक एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# डोरा पर्व हिंदुओं का बहुत ही महत्व है पुत्र की प्राप्ति और उनकी सुख शांति

**नेशनल प्रेस टाईम्स व्यूरो**

महगामा (गोड्डा):- जिला के सभी प्रखंड अंतर्गत हर गांव घर में डोरा पर्व मनाया गया यह डोरा पर्व हिंदू का बहुत ही महत्व रखता है इस पर्व में हिंदुओं का चार दिनों का होता है पहला दिन नहाया जाता है उसके जरिया धन एवं गेहूं सुखाया जाता है और मिल में ले जाकर उसको अच्छी तरह से पीसा जाता है और साफ सफाई करके यही चावल का लड्डू बनाया जाता है इसका महत्व अगर हिंदुओं से बात किया गया तो बताया गया कि यह पर्व पीढ़ी बाय पीढ़ी चलते आ रहा है और अपने बच्चों की सुख समृद्धि के लिए शांति के लिए या पाव किया जाता है इस पर्व लगने वाले सामान केला दूध पंचमेवा सारा चीज मिलाकर शनिवार शाम को



चर्च किया जाता है वही प्रसाद आर्गासन के रूप में माना जाता है और शाम का टाइम सभी परिवार के साथ मिलकर इस प्रसाद को ग्रहण किया जाता है अगल-बगल जिसके घर में नहीं होता है उनको भी दिया जाता है और इस प्रसादी का ग्रहण करने के लिए लोग अपने रिश्तेदारों को भी आमंत्रित करते हैं यह पर्व हिंदुओं का सबसे बड़ा पर्व है और संडे का दिन दल एवं सूप में सभी सामान को सजाया जाता है और सूर्य भगवान को भगवान भास्कर मानकर इस पर्व को खोला जाता है यह हमारा हिंदुओं का पर्व का महत्व है इस महत्व को जानने के लिए एक अलग ही हिंदुओं का गुणवत्ता है

# प्रखण्ड सभागार में की गई प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला

एनपीटी ब्यूरो, लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला मुख्यालय के सदर प्रखण्ड कार्यालय स्थित सभागार में जिला के सभी व्यवसायी बन्धुओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) के तहत ठोस व तरल अवशिष्ट प्रबंधन के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन के द्वारा सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने अवांछित ठोस और तरल पदार्थों के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिले में सॉलिड व लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके तहत अपशिष्ट प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर जिले को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा हैं। कार्यशाला में सी. श्रीनिवास ने डॉक्युमेंटरी फिल्म के द्वारा इंटिग्रेटेड सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट रिसोर्स मैनेजमेंट प्रणाली की जानकारी विस्तृत रूप से दी और प्रश्नों के उत्तर दिए। मौके पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक प्रतिष्ठान, दुकानों को हरा एवं लाल डस्टबिन उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठान, दुकानों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें। गीले कचरे (जैसे कि खाने-पीने का कचरा, सब्जी के छिलके, आदि) को हरे रंग के डस्टबिन में डाले।

# संविधान बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर गोड्डा प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक संपन्न

**नेशनल प्रेस टाईम्स व्यूरो**

गोड्डा, झारखंड -

गोड्डाः-गोड्डा प्रखंड कांग्रेस कमिटी एवं गोड्डा नगर कांग्रेस कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक प्रदीप यादव ने हिस्सा लिया और कार्यकताओं को रैली की सफलता के लिए दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, गोड्डा में आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली ₹संविधान बचाओ रैली₹ की तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।



गोड्डा में होने वाली इस रैली में प्रभारी के राजू , प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। रैली के माध्यम से संविधान के मूल्यों की रक्षा और जन-जागरूकता का संदेश दिया जाएगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष दिनेश यादव, डॉ. अजित कुमार महात्मा, महबूब अंसारी, अमरेंद्र अमर, सुशील देवी, विकास सिंह सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

# दस बजे दस मिनट पूर्वजों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नेशनल प्रेस टाईम्स व्यूरो**

गोड्डा : देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदो के वंशज व परिजनों द्वारा प्रस्तावित देशव्यापी कार्यक्रम ₹दस बजे दस मिनट अपने पूर्वजों के नाम₹ के तहत रविवार को नियत समय पर स्थानीय शहीद स्तम्भ परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक, अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद् के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जमनी पहाड़पुर के स्वतंत्रता सेनानी स्व० छेदी प्रसाद झा के पुत्र दिवाकांत झा ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल अंग क्षेत्र के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पंडित रणजीत झा के तृतीय पुत्र सह लोक मंच सचिव सर्वजीत झा



₹अंतेवासी₹, पंचम पुत्र व विभिन्न खेल संघ सचिव सुरजीत झा, महेशपुर के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी स्व० शुद्धदेव झा ₹उत्पल₹ के परिजन सुनील कुमार झा एवं स्व० बरूची झा के पुत्र कुंतेश कुमार झा, ग्राम मल्हारा के स्वतंत्रता सेनानी स्व. धनेश्वर पंडित के पुत्र संतोष पंडित तथा स्वतंत्रता सेनानी स्व० हलधर वैद्य के पुत्र आशुतोष कुमार वैद्य के अलावा पंदाहा पथरा के टिंकू कुमार एवं राकेश कुमार ने राष्ट्रपिता बापू एवं लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के पश्चात स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के सम्मान में जयकारे लगाकर अपने पूर्वजों के साथ- साथ देश की आजादी में शामिल सभी संग्रामियों के प्रति श्रद्धाभाव एवं आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम के अंत में पहलगाम आतंकी हमले में हुए निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की निंदा करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया तथा भारत सरकार से पड़ोसी मुल्क के इस कायराना हरकत पर कड़े कदम उठाए जाने की अपील की गई जिससे की ऐसी घटना की पुनरावृति ना हो सके।

कार्यक्रम का समापन परंपरानुसार राष्ट्रगान से हुआ।

